राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 180
लखनऊ, सोमवार 02 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पीस कमेटी की बैठक में एएसपी ने दी होली व ईद की बधाई 10

योगी ने सीएम ग्रिड्स योजना में सिगरा फल मंडी रोड के कायाकल्प को परखा 03

# अमेरिकी-इजरायली हमलों में खामेनेई की मौत

▶ राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली बागडोर



**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन।**

ईरान की राजधानी तेहरान पर शनिवार तड़के हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई (86) की मौत हो गयी। उनके अलावा ईरान के कुछ और शीर्ष अधिकारी भी मारे गये हैं। वहीं दूसरी तरफ रविवार को इजरायली वायुसेना ने तेहरान पर फिर से नये हमले शुरू किये हैं।

ईरान ने सैन्य बलों के चार वरिष्ठ कमांडरों के मारे जाने की पुष्टि की है। इनमें सैन्य बलों के प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और ईरान के रक्षा मंत्री एवं पूर्व वायुसेना कमांडर अजीज नसीरजादेह, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) कमांडर मोहम्मद पाकपुर, और श्री खामेनेई के सुरक्षा सलाहकार एवं रक्षा परिषद के सचिव अली शमखानी शामिल हैं।

श्री खामेनेई के निधन के बाद देश की बागडोर एक तीन सदस्यीय समिति को सौंप दी गयी। इसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं। उनके अलावा शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का नया कमांडर नियुक्त किया है। उन्होंने अमेरिका-इजरायल हमले में मारे गए श्री मोहम्मद पाकपोर का स्थान लिया है। ईरान में श्री खामेनेई की मौत के बाद 40 दिन की शोक अवधि का ऐलान किया गया है। श्री खामेनेई की बेटी, दामाद और नाती भी हमलों में मारे गयी। फ़ार्स समाचार एजेंसी ने कहा कि सर्वोच्च नेता के घर में जानकार सूत्रों से संपर्क स्थापित करने के बाद,उनकी बेटी, दामाद और नाती की मौत की खबर की दुर्भाग्यवश पुष्टि हो गयी है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि श्री खामेनेई की तीन बेटियों में से कौन मृतकों में शामिल है। फ़ार्स न्यूज़ एजेंसी ने कहा कि राजधानी पर हुए हमलों के दौरान श्री खामेनेई अपने घर में मौजूद कार्यालय में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए। बाद में सरकारी टेलीविजन ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। ईरान सरकार ने इस हत्या को एक बड़ा अपराध बताया, जो इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा। अमेरिकी मीडिया ने इजरायली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है, हालांकि ईरान की ओर से ऐसी कोई पुष्टि नहीं की गयी। इजरायली रक्षा बल (आइडीएफ) ने रविवार को ताजा हवाई हमले की जानकारी देते हुए एक बयान में कहा, ऑपरेशन रोरिंग लायन शुरू होने के बाद पहली बार आइडीएफ, तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला कर रहा है। वहीं, तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गयी तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गये। श्री पेजेशकियान ने श्री खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। उनके कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह बड़ा अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा। इसके ठीक बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान ने अभी कहा है कि वे आज बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं, इतना जोरदार जितना उन्होंने पहले कभी नहीं किया। उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं, तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गयी होगी। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में श्री खामेनेई की मौत की पुष्टि की। श्री ट्रम्प ने लिखा कि इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत हो गयी है। यह न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के उन कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है।

## खामेनेई की मौत के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अलग-अलग जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इजरायल के हमले और खाड़ी क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह उच्चस्तरीय बैठक में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त एहतियात बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद गृह विभाग की ओर से सभी जिलों को अलर्ट जारी किया गया। लखनऊ समेत कई जिलों में हो रहे प्रदर्शनों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि शिया बाहुल्य इलाकों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के बीच किसी भी तरह माहौल खराब करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसक प्रदर्शन या अराजक गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नागपुर की विस्फोटक फैक्टरी में भीषण धमाका, 17 लोगों की मौत



**एजेंसी, नागपुर।**

नागपुर महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ काटोल तहसील के राउलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड नामक विस्फोटक बनाने वाली फैक्टरी में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 17 लोगों की जान चली गई। यह कंपनी मुख्य रूप से खनन और औद्योगिक कार्यो के लिए विस्फोटक तैयार करती है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी गूँज दूर तक सुनी गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुँच गए और राहत कार्य शुरू किया गया।

एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब 7.00 से 7.15 बजे के बीच हुई। उस समय फैक्टरी की डिटोनेटर पैकिंग यूनिट में काम चल रहा था। अचानक हुए इस विस्फोट की चपेट में आने से ड्यूटी पर तैनात कई मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। धमाके के तुरंत बाद घायल कर्मियों को उपचार के लिए नागपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल प्राथमिकता मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने और घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की है। बचाव कार्य अभी जारी है और कंपनी जल्द ही इस घटना पर विस्तृत आधिकारिक बयान जारी करेगी। पुलिस और फॉरेंसिक टीमें धमाके के सही कारणों का पता लगाने में जुटी हैं।

## पीएम ने जताया दुख, पीड़ित परिवारों के लिए दो लाख रुपये मदद का किया ऐलान

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह कटोल तहसील के राउलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी नामक विस्फोटक निर्माण कंपनी में हुए भीषण विस्फोट में 17 मजदूरों की मौत हो गई। पीएम मोदी ने इस घटना पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। पीएम मोदी ने कहा, ष्महाराष्ट्र के नागपुर में एक फैक्ट्री में हुआ धमाका बहुत दुखद है। मरने वालों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। लोकल एडमिनिस्ट्रेशन प्रभावित लोगों की मदद कर रहा है। पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से प्रत्येक मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, नागपुर जिले के कटोल तहसील के राउलगांव में मौजूद एसबीएल एनर्जी एम्युनिशन बनाने वाली कंपनी में हुए बड़े धमाके में 17 मजदूरों की मौत की घटना बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। मरने वाले मजदूरों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द ठीक हो जाएं। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, नागपुर जिले के राउलगांव में एक एक्सप्लोसिव फैक्ट्री में धमाके की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। उन्होंने आगे कहा, अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मैं मरने वालों को दिल से श्रद्धांजलि देता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं। इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत नागपुर शिफ्ट कर दिया गया है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी सेहत जल्द ठीक हो जाए। इस घटना की पूरी जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,68,860/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,54,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,26,680/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,95,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में मिर्च की फसल खराब होने से और तीखी होगी मिर्ची

**रामानथपुरम्।** तमिलनाडु के रामानथपुरम में मिर्च की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं, जहां खुले बाजार में मुंडू और सांबा किस्मों की कीमत 20,000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस वृद्धि का कारण खेती योग्य भूमि में कमी, कीटों का व्यापक प्रकोप और सूखे की स्थिति है, जबकि किसानों ने तमिलनाडु सरकार से फसल के बढ़ते नुकसान की भरपाई के लिए सूखा राहत की घोषणा करने का आग्रह किया है। मिर्च जिले की सबसे बड़ी बागवानी फसल बनी हुई है। इस वर्ष लगभग 13,500 हेक्टेयर में इसकी खेती की गई है, जो पिछले वर्ष के 15,050 हेक्टेयर की तुलना में 1,500 हेक्टेयर से अधिक की गिरावट है। बागवानी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह गिरावट मुख्य रूप से पिछले मौसम में गंभीर फफूंद रोग के प्रकोप के कारण हुई है, जिसके परिणामस्वरूप पैदावार में भारी नुकसान हुआ और किसानों को खेती का विस्तार करने से हतोत्साहित किया। फसल कटाई का मौसम शुरू हो जाने के साथ ही, बाजारों में कम आवक के कारण कीमतें सामान्य स्तर से लगभग दोगुनी हो गई हैं।

### मध्य पूर्व के देशों में आज होने वाली सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मध्य पूर्व के कई देशों में सोमवार को होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए स्थगित करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई का यह आदेश बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबद्ध स्कूलों पर लागू होगा। बोर्ड ने आज एक आदेश में कहा कि 2 मार्च को होने वाली परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### दहशत का पर्याय बना गुलदार, पिंजरे में कैद

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के गांव सीकरी बुजुर्ग में चार वर्ष का एक गुलदार वन विभाग के पिंजरे में फंस गया। रविवार को सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ गुलदार को देखने के लिए दिखाई दी। पिछले कई दिनों से गुलदार की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। गुलदार के पकड़े जाने से गांव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों ने राहत की सांस ली है।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाता है संचार सुविधाओं का विस्तार : मोदी

**एजेंसी, मदुरै।**



▶ पीएम मोदी ने तमिलनाडु के मदुरै में 4,400 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला बुनियादी ढांचा केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को सशक्त बनाते हुए संपर्क सुविधा को मजबूत करता है, अर्थव्यवस्था को गति देता है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करता है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले बारह वर्षों में केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास में व्यापक निवेश किया है। वर्ष 2014 के बाद राज्य में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जिससे औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से कृषि एवं समुद्री उत्पादों के परिवहन में तेजी आएगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। वर्ष 2009 से 2014 के बीच जहां औसत वार्षिक बजट आवंटन 880 करोड़ रुपये था, वहीं वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 7,600 करोड़ रुपये हो गया है। राज्य में 1,300 किलोमीटर से अधिक नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं तथा 97 प्रतिशत रेल मार्गों का विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्तमान में तमिलनाडु में 9 वंदे भारत और 9 अमृत भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं, जिनके कोच चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में निर्मित किए जा रहे हैं। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के 77 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से आठ पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। साथ ही चेन्नई बीच-चेन्नई एग्मोर के बीच चौथी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की गई, जिससे हजारों दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूचना एवं **संचार** सुविधाओं का विस्तार लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। तमिलनाडु में बुनियादी ढांचा विकास के लिए केंद्र सरकार का निवेश पिछले दशक की तुलना में तीन गुना बढ़ा है। बेंगलुरु-चेन्नई तथा चेन्नई-हैदराबाद बुलेट ट्रेन गलियारों के प्रस्ताव से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

## केंद्र सरकार सिखों के लिए सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार सरकार सिखों के लिए सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नवी मुंबई में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम को प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरुआत जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के उद्घोष के साथ करते हुए उन्होंने कहा कि आज सभी लोग हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर उनका पुण्य स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास शौर्य, समन्वय और सहयोग का इतिहास रहा है तथा महाराष्ट्र की धरती पर आयोजित यह कार्यक्रम उसी महान विरासत का साक्षी है। उनके अनुसार हर वर्ग ने गुरुजी से प्रेरणा लेकर सत्य और संस्कृति के लिए अडिग रहना सीखा। सिख विरासत को सम्मान पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गुरु साहिबों से जुड़े ऐतिहासिक अवसरों को राष्ट्रीय स्तर पर मना रही है, जिसमें 400वां प्रकाश पर्व, स्मृति डाक टिकट और विशेष सिक्का जारी करना तथा गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व मनाना शामिल है।

# सीए फाइनल का रिजल्ट जारी

▶ हरियाणा की बेटी दीक्षा गोयल बनी सीए टॉपर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चार्टर्ड अकाउंटेंसी के उम्मीदवारों का इंतजार खत्म हो गया है। दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने जनवरी में हुई चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) के फाइनल परीक्षा का परिणाम रविवार को घोषित कर दिया। इस बार हरियाणा की बेटी दीक्षा गोयल सीए टॉपर बनी है। आईसीएआई रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट icai.nic.in पर उपलब्ध है।

इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने जारी एक बयान में कहा कि इस बार ऑल इंडिया रैंक-1 करनाल की दीक्षा गोयल ने 600 में से 486 अंक (81फीसदी) हासिल कर हासिल की है। वहीं, दूसरा स्थान पांवटा साहिब के अनिरुद्ध गर्ग ने 452 अंक (75.33 फीसदी) के साथ हासिल किया, जबकि तीसरा स्थान संयुक्त रूप से नई दिल्ली के ऋषभ जैन और सोनीपत के ध्रुव डेम्बला ने 451 अंक (75.17 फीसदी) के साथ प्राप्त किया है।

आईसीएआई की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक ग्रुप-I में कुल 53,652 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 11,282 सफल रहे हैं। इस प्रकार इस ग्रुप का पास प्रतिशत 21.03 फीसदी रहा। वहीं, ग्रुप-II में 38,169 उम्मीदवार शामिल हुए और 3,726 ने परीक्षा पास की।

# दर्शनार्थियों के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार से सीएम हुए नाराज

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

▶ अफसरों की क्लास लगा बोले-मंदिर व पुलिस प्रशासन व्यवस्था में लाए सुधार



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्व्यवस्था की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए और इसके लिए पुलिस एवं मंदिर प्रशासन तत्काल व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करें।

सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों, निर्माणाधीन परियोजनाओं और कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक संस्थाएं पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि श्रद्धा का स्थल हैं। इसलिए श्रद्धालुओं के लिए इन स्थानों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय।

मुख्यमंत्री ने विश्वनाथ कॉरिडोर में निर्मित दुकानों तक श्रद्धालुओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करने और वहां बिकने वाली सामग्रियों के मूल्य वाजिब रखने के निर्देश दिए। साथ ही मैनपावर बढ़ाकर मणिकर्णिका एवं हरिश्चंद्र घाट के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी धार्मिक गतिविधियां सम्बंधित धार्मिक परिसरों तक ही सीमित रहें और किसी नई परम्परा की अनुमति न दी जाए। तीव्र आवाज वाले साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के प्रयोग पर रोक, सड़कों पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार में संलिप्त वास्तविक जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री और परिवहन पर सख्त निगरानी रखने को कहा गया, विशेषकर आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर। स्कूली बच्चों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने, सड़क सुरक्षा की नियमित बैठकें आयोजित करने तथा जिमों की जांच कर महिलाओं के लिए महिला प्रशिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।


सीएम ने कहा कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति शालीन और संवेदनशील होना चाहिए तथा त्वरित रिस्पॉन्स सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता, कानून-व्यवस्था और जनसुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## चंद्रग्रहण के दिन अपरान्ह 4.30 बजे से बंद होंगे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के कपाट

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा (तीन मार्च) को साल के पहले चंद्रग्रहण पर सूतककाल में धर्म नगरी वाराणसी के सभी मंदिर और देवालय बंद रहेंगे। चंद्रग्रहण के 09 घंटे पूर्व लगने वाले सूतककाल को देखते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन नहीं होगा। परंपरा के अनुसार श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का कपाट ग्रहण प्रारंभ होने से डेढ़ घंटे पूर्व अपराह्न 4:30 बजे बंद हो जाएगा। ग्रहण मोक्ष सायं 6:47 बजे के बाद शास्त्रोक्त विधि से उग्रह (मोक्ष) पूजन सम्पन्न किया जाएगा। पूजन उपरांत शुद्धिकरण एवं आवश्यक धार्मिक विधि-विधान पूर्ण करने के बाद सायं 7:15 बजे के पश्चात मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं एवं जनमानस के लिए पुनः खोल दिया जाएगा।

# ब्रज में चारों ओर होली की धूम, दुल्हन की तरह सजकर खेली छड़ीमार होली

**मथुरा, समृद्धि न्यूज।**



ब्रज में चारों ओर होली की धूम है। गोकुल में रविवार को छड़ीमार होली खेली गई। दुल्हन की तरह सजी महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप को रंग लगाया। घूंघट में गोपियों ने भगवान पर गोटेदार कपड़ों से लिपटी छड़ियां बरसाई। गोपियों ने बड़ी संख्या में पहुंचे विदेशी सैलानियों पर भी दनादन छड़ियां बरसाई। पुलिसवालों को भी नहीं छोड़ा। उन्हें देखकर लोग चिल्लाते हुए बोल रहे थे- और मारो, और मारो।

बलदेव विधानसभा के बीजेपी विधायक पूरन प्रकाश ने राधा-कृष्ण बने कलाकारों संग डांस किया। इससे पहले, नंदभवन से दोपहर 12.30 बजे भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला। इस पर कन्हैया और बलराम के बाल स्वरूप सवार थे।

लोग रंग-गुलाल उड़ाते हुए डोले के आगे-पीछे चलते दिखे। रास्ते में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। फूल, रंग और अबीर बरसाए गए। चौराहों पर बड़े-बड़े स्टेज तैयार किए गए। उन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करते दिखीं। गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे। इससे पहले, नंदगांव में गुरुवार को लट्ठमार होली खेली गई थी। सजी-धजी राधारानी की सखियों ने बरसाना से आए हुरियारों पर लट्ठ बरसाए थे। बुधवार को बरसाना में लट्ठमार होली खेली गई थी। तब नंदगांव से गए श्रीकृष्ण के सखाओं पर बरसाना की सखियों ने जमकर लाठी बरसाई थीं।

मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव में लट्ठमार होली होती है। लेकिन गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं। लोगों को मारने के लिए जो छड़ी तैयार की जाती है, उस पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है। इससे भगवान श्रीकृष्ण-बलराम को चोट नहीं लगती है।

उपलब्धि


## चीन का रिकॉर्ड ध्वस्त कर काशी ने रचा नया वैश्विक कीर्तिमान

# वाराणसी बना दुनिया का सबसे बड़ा मियावाकी वन क्षेत्र

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

▶ एक घंटे में रोपे 251446 पौधे

▶ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुई काशी की ऐतिहासिक सफलता



उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज करा लिया है। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया है। मात्र एक घंटे की निर्धारित समयावधि के भीतर वाराणसी ने 2,51,446 पौधों का सफल रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को आधिकारिक रूप से ध्वस्त कर दिया है। मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषि नाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व हिमांशु पाल को नया कीर्तिमान स्थापित करने पर सर्टिफिकेट भी सौंपा।

इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के अभूतपूर्व समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक 'शहरी वन' ने आज विश्व पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा कर दिया है। अब तक एक घंटे में सर्वाधिक पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी के नाम था। उन्होंने 10 मार्च 2018 को 153,981 पौधों का रोपण कर यह गौरव हासिल किया था। हालांकि, डोमरी में मियावाकी तकनीक और विशाल जनभागीदारी के माध्यम से जिस सुनियोजित ढंग से 250,000 पौधों का रोपण किया गया, उसने न केवल चीन के रिकॉर्ड को तोड़ा है, बल्कि उसे बहुत पीछे छोड़ दिया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की सूक्ष्मता से निगरानी की। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र के जरिए हुई सटीक पुष्टि के बाद ऋषि नाथ ने आधिकारिक रूप से इस नए रिकॉर्ड की घोषणा की। इस शहरी वन की सबसे अनूठी विशेषता इसकी बनावट और वैचारिक पृष्ठभूमि है। पूरे वन क्षेत्र को 60 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है।

# खामेनेई की मौत की खबर के बाद यूपी में कई जगह प्रदर्शन

- उत्तर प्रदेश में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में शिया समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। लखनऊ में रोती महिलाओं सहित बड़ी संख्या में छोटा इमामबाड़ा से लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई जिंदाबाद और अमेरिका इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

अमेरिका और इजराइल के युद्ध के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतरे। महिलाएं रोती बिलखती हुए मातम करते हुए दिखीं। छोटा इमामबाड़ा से भारी संख्या में लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला।

लखनऊ की शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अमेरिका-इजराइल ने जो आतंकी कृत्य किया है। पूरे विश्व को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। खामेनेई की मौत के बाद सभी देशों को अपने राष्ट्रीय ध्वजों को श्रद्धांजलि में झुकाना चाहिए। शिया समुदाय के लोग तीन दिन का शोक मनाते हुए अपनी प्रतिष्ठान बंद रखेंगे।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी तीन दिवसीय शोक की घोषणा कर की गई है। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास की इस घोषणा के बाद बड़ा और छोटा इमामबाड़ा अगले तीन दिन के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। मौलाना कल्बे जवाद ने बताया कि खामेनेई की मौत पर रविवार रात आठ बजे छोटे इमामबाड़ा में शोकसभा आयोजित की जाएगी। उन्होंने भारी संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की है। इसके अलावा बरेली, जौनपुर, संभल समेत कई जिलों में प्रदर्शन हो रहे हैं। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी मिल्लत इस्लामिया के लिए दुख की बात है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अमन व शांति के साथ विरोध करें। इस बात की व्यवस्था रखें कि जुलूस में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान, पुलिस कमिश्नरेट को निर्देश दिए हैं कि किसी भी हालत में प्रदेश की कानून व्यवस्था न बिगड़ने पाए। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जिलों के इलाको में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

# इजराइल में यूपी के 6 हजार से ज्यादा श्रमिक सुरक्षित

- तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से सतत समन्वय
- योगी सरकार सतर्क मोड में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

मध्य एशिया में मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 6,004 निर्माण श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार पूरी तरह सतर्क है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रमिक सुरक्षित हैं और उनके कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ये सभी श्रमिक वर्ष 2024 में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी और इजराइल की सरकारी संस्था पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर अथॉरिटी पीआईबीए के माध्यम से चयनित होकर इजराइल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में कार्यरत हैं।

तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी सुरक्षा परामर्श के अनुसार सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने, स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इजराइल में भारत के राजदूत जे.पी. सिंह से फोन पर वार्ता की। राजदूत ने अवगत कराया कि स्थिति नियंत्रण में है और दूतावास सभी भारतीय श्रमिकों के संपर्क में है।

प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने भी आश्वस्त किया कि अधिकांश भवनों में सुरक्षा शेल्टर उपलब्ध हैं और श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। श्रम, सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने श्रमिकों और उनके परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। विभाग राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और भारतीय दूतावास के साथ निरंतर संपर्क में है, ताकि किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निदेशक, सेवायोजन नेहा प्रकाश और अपर निदेशक पी.के. पुंडीर ने भी एनएसडीसी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था की निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए हैं।भारतीय दूतावास, तेल अवीव द्वारा 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग लगातार हालात की समीक्षा कर रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि विदेश में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक प्रदेश की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इजराइल में वर्तमान में लगभग 42,000 भारतीय नागरिक निवास कर रहे हैं, जिनमें 6,004 उत्तर प्रदेश के निर्माण श्रमिक शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### होली पर सीपीएमजी जारी करेंगे पिक्चर पोस्टकार्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीपीएमजी उत्तर प्रदेश परिमंडल प्रणव कुमार कल 2 मार्च को जीपीओ में होली के पावन पर्व के खास मौके पर पिक्चर पोस्टकार्ड का प्रस्तुतिकरण करेंगे। रंगों के त्योहार होली भारतीय संस्कृति का प्रमुख एवं आकर्षक हर्सोल्लास का पर्व है जो आपसी प्रेम,भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। इसी सांस्कृतिक धरोहर को जन- जन तक पहुचाने के उद्देश्य से पिक्चर पोस्टकार्ड का चयन किया गया है। पोस्टकार्डों में होली के विभिन्न रंगों,परम्पराओं, लोकजीवन की झलक दिखती है। कल 2 मार्च को प्रातः11 बजे जीपीओ चीफपोस्ट मास्टर जनरल प्रणव कुमार इन पोस्टकार्डों की प्रस्तुति देंगे।

### हॉस्टल के कमरे में लटकता मिला छात्र का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब काफी देर तक छात्र अपने कमरे से नहीं निकला तो साथी छात्र उसको उठाने गए। बार-बार आवाज देने और खटखटाना के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। छात्र फांसी के फंदे के सहारे झूलता मिला। मामले की जानकारी हसनगंज थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के सुभाष हॉस्टल के कमरा नंबर 52 में नवीन रहता था। नवीन हॉस्टल में रहे कर बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई करता था। सुबह जब वो अपने कमरे से नहीं निकला तो घटना की जानकारी हुई।

### बिरयानी की दुकान के फ्रिज में मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बीकेटी (बख्शी का तालाब) इलाके में एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। जहां जीसीआरजी कॉलेज के ठीक सामने स्थित एक बिरयानी की दुकान के डीप फ्रीजर से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह दुकान पिछले चार दिनों से बंद थी। मिली जानकारी के अनुसार, बिरयानी दुकान के संचालक सनी रावत के पिता का चार दिन पहले निधन हो गया था। परिवार में हुई इस मौत के कारण अंतिम संस्कार और अन्य रस्मों के चलते सनी ने दुकान बंद कर दी थी। चार दिनों तक दुकान का शटर गिरा रहा, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि बंद दुकान के अंदर फ्रीजर में मौत का राज छिपा है। रविवार को जब दुकान मालिक सनी वापस लौटा और काम शुरू करने के लिए डीप फ्रीजर खोला, तो अंदर का मंजर देखकर उसकी चीख निकल गई। फ्रीजर के अंदर एक युवक की लाश पड़ी थी। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बीकेटी थाना पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि दुकान बंद होने के दौरान वहां कौन आया था और फ्रीजर तक शव कैसे पहुंचा। बीकेटी पुलिस का कहना है कि दुकान मालिक से भी पूछताछ की जा रही है और मौत की वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

### इप्सेफ ने टीईटी मामले में पीएम व कैबिनेट सचिव को पत्र लिखा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इप्सेफने यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन यू पी के आंदोलन को पूरा समर्थन दिया है। इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस बी सिंह महासचिव प्रेमचंद एवं उप महासचिव अतुल मिश्रा ने इप्सेफकी ऑनलाइन बैठक करके यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन के आंदोलन को पूरा समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि टीचर्स के टीईटी की समस्या का मिल बैठकर समाधान निकाले। पुराने शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा देने का कोई औचित्य नहीं है। शिक्षकों की नाराजगी सरकार के लिए महंगी साबित होगी।इप्सेफद्वारा यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन के आंदोलन को समर्थन दिया है। सभी राज्यों के अध्यक्षध्महामंत्री से आंदोलन को सहयोग देने का निर्देश दिया है।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आए दो यात्रियों के पास मिला करोड़ों का मादक पदार्थ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो यात्री पकड़े गए। इनके पास से करीब 18 करोड़ रुपये की 18 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद की गई है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम के मुताबिक, दो यात्री थाई एयर एशिया की उड़ान एफडी–146 से बैंकाक लखनऊ पहुंचे थे। टीम ने शक के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान 12 पॉलिथीन पैकेट में हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की गई। यह साधारण गांजे से कही ज्यादा नशीली और महंगी होती है। डीआरआई के अधिकारियों ने बताया कि आरोपितों की पहचान यूपी के मो. फराज और झारखंड की रहने वाली महिला नीतू के रूप में हुई। आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इनके पास से बरामद प्रतिबंधित सामग्री को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है शीघ्र ही बड़ा खुलासा किया जाएगा।

# योगी ने सीएम ग्रिड्स योजना में सिगरा फल मंडी रोड के कायाकल्प को परखा

- विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण, महापौर व नगर आयुक्त ने मानचित्र के माध्यम से कार्यों की बताई प्रगति

**एजेंसी, वाराणसी।**



दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिगरा स्थित फल मंडी रोड का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स योजना) के तहत चल रहे सड़क सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों की जमीनी हकीकत को उन्होंने परखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वाराणसी महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया कि किस तरह इस सड़क को स्मार्ट और ग्रीन मानक के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि सीएम ग्रिड्स योजना के अंतर्गत चयनित सड़कों पर ड्रेनेज, फुटपाथ और आधुनिक स्ट्रीट लाइटों का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। फल मंडी रोड को एक मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि भविष्य में अन्य क्षेत्रों के लिए यह उदाहरण बन सके। मुख्यमंत्री ने कार्य स्थल पर मौजूद नक्शों और प्रजेंटेशन का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में उच्च स्तरीय सामग्री का ही प्रयोग हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के दौरान स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को कम से कम असुविधा होनी चाहिए और तय समय सीमा के भीतर प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए।

# समस्त ग्राम पंचायतों में 2 से 4 मार्च तक चलेगा स्वच्छता अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत 2 से 4 मार्च तक पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान चलेगा। सीएम योगी ने अफसरों को त्योहार को लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सभी डीएम और सीडीओ मॉनिटरिंग करेंगे।इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होलिकोत्सव से पहले और बाद दोनों अवधि में कार्यक्रम स्थलों पर विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए।जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाएगी सुनिश्चितपंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा है कि कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत सभी अपशिष्ट पदार्थों का समुचित निपटान किया जाए। ग्राम पंचायतों में निर्मित रूरल रिसोर्स सेंटर पर समस्त कचरा एकत्र किया जाए। जलभराव वाले स्थलों की पहचान कर स्थायी उपायों के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों से लगभग 36 लाख बच्चों तक पहुंच रहा ताजा गर्म भोजन




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में बाल पोषण को लेकर योगी सरकार ने मजबूती से काम करते हुए देश में एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। पोषण 2.0 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ताजा गर्म भोजन (हॉट कुक्ड मील) उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था के अंतर्गत लगभग 36 लाख बच्चों तक गर्म भोजन पहुंच रहा है। सरकार की यह पहल केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास की समग्र रणनीति से जोड़ा गया है।

सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक पात्र बच्चे को नियमित, संतुलित और गर्म भोजन मिले, जिससे कुपोषण की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

300 दिन पोषण की गारंटीहॉट कुक्ड मील के अंतर्गत 03-06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को माह में 25 दिन तथा वर्ष में 300 दिन अनुपूरक पुष्टाहार प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसी के तहत प्रति लाभार्थी प्रतिदिन 4.50 रुपये की दर से व्यय निर्धारित है। अयोध्या से शुभारम्भ, पूरे प्रदेश में विस्तारराज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश में हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ अगस्त 2022 में जनपद अयोध्या में किया गया था। इस औपचारिक शुरुआत के बाद योजना को लगभग साढ़े तीन साल में चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में विस्तारित किया गया। सरकार की मंशा स्पष्ट रही कि बाल्यावस्था में पोषण की कमी भविष्य की शैक्षिक और शारीरिक प्रगति में बाधा न बने। इसके परिणामस्वरूप 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकन और उपस्थिति दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है। योजना के संचालन से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के सकारात्मक संकेत मिले हैं।

# 69000 शिक्षक भर्ती, 6800 की सूची में शामिल अभ्यर्थियों ने की बैठक, रखी मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



69000 शिक्षक भर्ती मामले से जुड़े 6800 अभ्यर्थियों की सूची में शामिल उम्मीदवारों ने रविवार को राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश कार्यालय के सामने स्थित मैदान में बैठक कर अपनी आगे की रणनीति तय की। बैठक में शामिल हुए सभी अभ्यर्थियों ने एकजुट होकर अपनी नियुक्ति की मांग को मजबूती से उठाने का निर्णय लिया। अभ्यर्थियों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि 19 मार्च को होने वाली सुनवाई से पहले वे विभागीय अधिकारियों और संबंधित मंत्री से मुलाकात करेंगे।

उनका कहना है कि 6800 अभ्यर्थियों की सूची से जुड़े मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर माननीय सुप्रीम कोर्ट में रखा जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। अभ्यर्थियों का मानना है कि लंबे समय से वे न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अब और देरी उनके साथ अन्याय होगी। बैठक में अपनी बात रखते हुए देवरिया निवासी धनंजय गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2020 में 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत उनकी नियुक्ति हो जानी चाहिए थी, लेकिन आरक्षण संबंधी विसंगतियों के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि सरकार ने विस्तृत जांच के बाद 6800 अभ्यर्थियों की एक सूची जारी की थी, जिससे उम्मीद जगी थी कि अब नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। हालांकि मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण नियुक्ति अब तक संभव नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि यदि इस सूची के आधार पर भी नियुक्ति नहीं दी जाती है, तो यह अभ्यर्थियों के साथ दोहरा अन्याय और अपमान होगा।

बैठक में उपस्थित रायबरेली निवासी कृष्णा चंदन ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों के अनुपालन में हुई त्रुटियों को दूर करने के लिए ही सरकार ने 6800 की सूची जारी की थी। यह सूची आरक्षण मानकों को पूरा करती है और विधिसम्मत है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सुप्रीम कोर्ट में इस सूची का मजबूती से पक्ष रखा जाए और प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों ने स्पष्ट किया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे, लेकिन अपनी नियुक्ति तक संघर्ष जारी रखेंगे। बैठक में गोरखपुर जिले से दीपक कुमार, लखनऊ से रंजीत कुमार, आजमगढ़ से अमर मौर्य शामिल रहे।

# लखनऊ एयरपोर्ट से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

- ईरान-इजरायल युद्ध के कारण हवाई यातायात प्रभावित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



दक्षिण एशिया में ईरान और इजरायल के बीच जारी तनाव के कारण हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। इसका असर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, लखनऊ पर भी देखा गया, जहां रविवार को आने-जाने वाली कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई।

अचानक हुई उड़ान निरस्तीकरण से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह अबू धाबी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1416 (सुबह 6.05 बजे) और शारजाह से आने वाली फ्लाइट 6ई 1424 (सुबह 7.05 बजे) रद्द कर दी गई।

इसी तरह दुबई से दोपहर 11.30 बजे पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स 194 और दम्माम से शाम 8.00 बजे आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 98 भी निरस्त कर दी गई। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से प्रस्थान करने वाली उड़ानों में लखनऊ से रात 1.05 बजे दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स 193 रद्द रही। इसके अतिरिक्त, रात 8.35 बजे अबू धाबी जाने वाली इंडिगो की 6ई 1415, रात 9.00 बजे दम्माम जाने वाली 6ई 97 और रात 10.00 बजे शारजाह जाने वाली 6ई 1423 भी रद्द कर दी गई। वहीं, सुबह 6.15 बजे दम्माम जाने वाली फ्लाईनेस की एक्सवाई 897 एक घंटे विलंब से रवाना हुई। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, क्षेत्रीय परिस्थितियों के सामान्य होने तक उड़ानों का संचालन प्रभावित रह सकता है।

### सरसंघचालक डॉ. भागवत रंगोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे हैं। यहां सरसंघचालक डॉ भागवत ने संघ के प्रान्तीय कार्यालय भारती भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ भेंट की। दोपहर विश्राम के बाद वह जियामऊ स्थित विश्व संवाद केन्द्र पहुंचे। शाम को गोमतीनगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम में सरसंघचालक शामिल होंगे। हालांकि प्रचार विभाग ने सरसंघचालक के लखनऊ प्रवास के दौरान किसी कार्यक्रम में शामिल होने की जानकारी नहीं दी है।

**सराहनीय** — आईएसओ प्रमाण पत्र के बाद मिला गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस प्रमाण पत्र

# अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरा कान्हा उपवन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ नगर निगम द्वारा निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और बेहतर प्रबंधन के लिए संचालित नादरगंज-अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय मानकों पर उत्कृष्ट व्यवस्थाएं बनाए रखने के कारण कान्हा उपवन को आईएसओ 9001-2015 प्रमाण पत्र के बाद अब गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

यह प्रमाण पत्र अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा गौशाला की व्यवस्थाओं, प्रबंधन प्रणाली तथा अभिलेखों के विस्तृत निरीक्षण के बाद दिया गया। इसके लिए फरवरी माह में आवेदन किया गया था, जिसके बाद विशेषज्ञ टीम ने पिछले महीने स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। गुणवत्ता पूर्ण प्रबंधन प्रणाली को ध्यान में रखते हुए कान्हा उपवन को यह सम्मान मिला है। लगभग 10 हजार से अधिक गोवंशों के संरक्षण, भरण-पोषण, चिकित्सा और देखभाल की व्यवस्था करने वाली कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की ऐसी पहली नगर निगम संचालित गौशाला बन गई है, जिसे इतने बड़े स्तर पर पशु संरक्षण के साथ जीएमपी प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। वर्तमान में यहां करीब 10 हजार निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। इससे पूर्व वर्ष 2024 में भी कान्हा उपवन को आईएसओ प्रमाणन मिल चुका है, जिससे इसकी व्यवस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली थी।




कान्हा उपवन की स्थापना वर्ष 2012 में तत्कालीन महापौर एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा की प्रेरणा से निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और देखभाल के उद्देश्य से की गई थी। लखनऊ नगर निगम द्वारा समय-समय पर इसका विस्तार और सौंदर्यीकरण किया जाता रहा है।प्रदेश सरकार और नगर निगम द्वारा गोवंश संरक्षण के लिए किए जा रहे लगातार प्रयासों का ही परिणाम है कि कान्हा उपवन को यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह प्रमाण पत्र तीन वर्षों तक वैध रहेगा।

महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो सकी। इनगर निगम क्षेत्र में घायल, बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त पशुओं को निरंतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने जैसी बड़ी जिम्मेदारी को सफ्लतापूर्वक निभाते हुए गौशाला ने यह मुकाम हासिल किया है।कान्हा उपवन गौशाला आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी लगातार कार्य कर रही है। यहां गोवंश से प्राप्त गोबर का उपयोग बायो-सीएनजी उत्पादन में किया जा रहा है। वहीं दूध को कर्मचारियों के बच्चों में वितरण के बाद शेष दूध की बिक्री की जाती है, जिससे नगर निगम को प्रतिमाह लगभग 3 लाख रुपये की आय प्राप्त होती है।यइसके अलावा गौपालकों के बच्चों के लिए कान्हा उपवन विद्यालय के माध्यम से निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था भी की गई है।

# मनरेगा मजदूरों एवं कर्मियों के बकाया राशि का तुरन्त भुगतान करे प्रदेश सरकार : अजय राय



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आरपी गौतम ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता आयोजित कर यूपी सरकार से मनरेगा मजदूरों एवं कर्मियों के बकाया राशि का तुरन्त भुगतान करने अपील की साथ ही उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित होने वाली जनसभाओं को रोकना असंवैधानिक अधिकारों का दमन करने का प्रयास बताते हुए भर्त्सना की। इस दौरान उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गोरखपुर के चौरी चौरा में दलित सम्मान समारोह का आयोजन होना था,जिसमें शामिल होने के लिए मैं लखनऊ एयरपोर्ट से गोरखपुर जाना चाहता था लेकिन मुझे पुलिस अधिकारियों ने एयरपोर्ट से बाहर आते ही मुझे रोक लिया और पूछने पर बताया कि कार्यक्रम की अनुमति को रात में ही रद्द कर दिया गया। कारण पूछने पर उन्होंने बताया आगामी होली के त्यौहार के कारण यह अनुमति रद्द कर दी गयी। इसलिए आप वहां नहीं जा सकते, जबकि इस जनसभा की अनुमति संवैधानिक तरीके से ली गयी थी, फिर अचानक मुझे रोकना हमारे संवैधानिक अधिकारों का हनन है। क्या अनुमति लेकर सभा करना असंवैधानिक है। दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर चर्चा करना उनके अधिकारों के लिए लड़ना क्या असंवैधानिक है। होली तो केवल एक बहाना है। आज उत्तर प्रदेश में दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहें हैं इसलिए सभी वर्ग भाजपा से मुक्त होने के लिए छटपटा रहे हैं। उ0प्र0 में जंगल राज चल रहा है। सभी राजनेता, अधिकारी जनता के सेवक हैं कोई संविधान के ऊपर नहीं है। लेकिन वर्तमान सरकार में मुख्यमंत्री जी और उनके कुछ लोग स्वयं को संविधान से ऊपर समझते है। सरकार हमारी आवाज को असंवैधानिक तरीके से दबा नहीं सकती। इस अत्याचार का जबाव सड़क और सदन में दिया जायेगा। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबराई हुई है, इसीलिए हमारे राष्ट्रीय चेयरमैन अनुसचित जाति विभाग को अचानक बिना बताये एयरपोर्ट से आगे नहीं जाने दिया। कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूरों, किसानों के साथ खड़ी रही है। दो दिन बाद होली का त्यौहार है लेकिन मनरेगा मजदूरों का, कर्मियों का, मिस्त्रियों का, आपूर्ति कर्ताओं का महिला मेट का अभी तक भुगतान नहीं किया गया। क्या यह सब लोग भूखे पेट त्यौहार मनाऐंगे। इन सबका (अकुशल मजदूरी, कुशल मजदूरी एवं सामग्री बकाया) कुल 1600 करोड़ रूपये बाकी है। श्र राय ने कहा कि यह चेतावनी है कि 10 दिनों के अन्दर मनरेगा मजदूरों एवं कर्मियों का भुगतान सरकार नहीं करती तो प्रदेशव्यापी आन्दोलन किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### राममूर्ती वर्मा की बेटियों ने की सपा ज्वॉइन



**शाहजहांपुर।** राजनीतिक हलकों में उस समय हलचल मच गई जब स्वर्गीय राममूर्ति सिंह वर्मा सांसद, मंत्री की बेटियाँ अंजली सिंह एवं अनीता सिंह ने अखिलेश यादव से मुलाकात कर आधिकारिक रूप से समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस कदम को शाहजहांपुर की राजनीति में बड़ा संदेश माना जा रहा है। वर्षों से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे परिवार की नई पीढ़ी का यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों में बदलाव का संकेत दे रहा है। दोनों ने स्पष्ट कहा कि वे समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए इसे संगठन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। गौरतलब है कि परिवार की अर्चना सिंह वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से नगर निगम शाहजहांपुर की महापौर हैं, ऐसे में यह राजनीतिक निर्णय और भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### मधुमक्खियों के डर से दुकानदारों ने बंद किए दुकान के शटर

**कांट-शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कार्यालय के अंदर जल निगम द्वारा नगरवासियो के लिए बनायी गयी पेयजल टंकी पर मधुमक्खियां ने बरसों से अपना आशियाना बना रखा है जो आज स्थानीय दुकानदारो एवं आने-जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बन गई। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार मधुमक्खियां के लगे छत्ते मे एक वाज ने उन्हें छेड़ दिया जिससे मधुमक्खियो ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। इससे स्थानीय दुकानदारों ने धड़ाधड़ अपने शटर बंद कर लिये और दुकान में काम करने वाले कर्मचारी दुकान के अंदर ही वन्द हो गये और करीब 1 घंटे के लिए हाईवे पर आवागमन बंद हो गया वही टंकी के नीचे मिष्ठान भंडार मालिक शिवम गुप्ता सचिन भारद्वाज पंकज सिंह करन राठौर सहित लगभग एक दर्जन लोगों को मधुमक्खियां ने धावा बोल कर अपने गुस्से का शिकार बनाया जिससे अफरातरी का माहौल बना रहा वही नगर पंचायत के आसपास के दुकानदार अपनी दुकान का आधा शटर खोलकर हीग्राहकों को सामान देते रहे वही दूसरी ओर ग्राहको को भी मधुमक्खियां का भय व्याप्त रहा।

### मंडल अभियंता ने किया कोयला कालोनी का निरीक्षण

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के कोयला कॉलोनी का मंडल अभियंता भास्कर भट्टाचार्य ने आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल अभियंता ने कहा कोयला कॉलोनी मात्र 28 रेलवे क्वार्टरों की कॉलोनी है अंग्रेजों के जमाने की सबसे पुरानी कॉलोनी है। उसके बाद में स्टाफ आता क्या और रेलवे क्वार्टर बांटे गए नई-नई कालोनियां बांटी गई। इस कॉलोनी के पास में ही पहले इस टीम से ट्रेन चला करती थी। यहां पर ट्रेन के इंजन में कोयला भरा जाता था। दिन रात इन दिनों का शोर होता था। इसलिए इसका नाम कोयला कॉलोनी पड़ा। पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग रिटायर हो गए। जैसे रेलवे आवास खाली होगा और खंडहर में तब्दील होगा हो गए। अब दोबारा कुछ लोगों के क्वार्टर लेने से कुछ रेल कर्मचारी इसमें रहने लगे हैं। लेकिन गंदगी बहुत थी। जिसको देखकर मंडल अभियंता ने साफ है करने के आदेश दिए और जो रेलवे आवास खंडार में तब्दील हो गए हैं उनको ठीक कर दोबारा रेल कर्मचारियों को आवंटित करने के आदेश दिए कॉलोनी में बिजली पानी से चार रूप से करने के आदेश दिए इस अवसर पर नॉर्दर्न रेलवे में यूनियन शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा चंदन कुमार अवधेश कुमार सर्वेश राठौर अभिषेक कुमार सुरेश कुमार महेश रामचंद्र मोहित कई रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक दिवसीय जिलास्तरीय बालक बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन



**शाहजहांपुर।** जिला ओलम्पिक संघ द्वारा 1 दिवसीय जिलास्तरीय बालक बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन सुदामा प्रसाद वनस्थली में किया गया। जिसमें जनपद की 6 बालक व 4 बालिका टीमो ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबले में बालिका वर्ग में हरिकौशल त्यागी स्कूल विजेता व स्टेडियम उपविजेता एवम बालक वर्ग में विजेता स्टेडियम व उपविजेता चाणक्य स्पोर्ट्स एकेडमी रहे। विजेता उपविजेता टीम को जिला कीड़ा अधिकारी एसपी वमनिया, जिला ओलम्पिक संघ अध्यक्ष विनय गुप्ता, जिला सचिब नरेंद्र त्यागी ने मैडल पहना कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला ओलम्पिक संघ सचिव नरेंद्र त्यागी ने बताया कि उत्तरप्रदेश ओलम्पिक संघ सचिव व भारतीय हैंडबाल संघ के मुख्य कार्य अधिकारी आनंदेश्वर पांडेय यूपी हैंडबाल संघ के महासचिव अमित पांडेय के निर्देश पर जनपद में पहली बार जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह एक कम खर्च में खेला जाने वाला लोकप्रिय खेल है। इस खेल को ओलम्पिक खेल की मान्यता प्राप्त है। एवम खिलाड़ियों का अच्छा भविष्य है। जनपद में हैंडबाल को बढ़ावा दिया जाएगा। अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि जिला ओलम्पिक संघ के देखरेख में जल्द जिला हैंडबाल की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। एवम जिला प्रशासन से हैंडबाल ग्राउंड वनवाने की मांग की जाएगी। मुख्य रूप से पंकज सक्सेना, इरफ़ान खान, सचिंन प्रेमी, प्रमोद पांडेय, डीके सक्सेना, निशांत कुमार, मुजाहिद खान, शकील, अजयपाल, अन्नूत्यागी, संजय, लालाराम आदि का सहयोग रहा।

### ससुराल आए युवक ने फांसी लगाकर जान दी, पुलिस आत्महत्या का कारण जानने के प्रयास में जुटी

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** शनिवार सुबह क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालपुर ढाई के मजरा दरियागंज के समीप रोड के किनारे पाकड़ के पेड़ में एक युवक को फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। थाना मिर्ज़ापुर के एसएसआई सुनील भरद्वाज ने बताया कि पुलिस के काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान कासगंज जिले के थाना सिकंदरपुर वैश्य के ग्राम सनोडी निवासी 28 वर्षीय संजय कुमार पुत्र राजाराम के रूप में हुई है। पुलिस ने शव की शिनाख्त हो जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसआई सुनील भरद्वाज ने बताया कि मृतक संजय कुमार अपने घर से चार दिन पहले अपनी ससुराल फर्रुखाबाद जिले के थाना अमृतपुर अंतर्गत ग्राम एत्मादपुर आया था। उसने ससुराल से यहां आकर ग्राम दरियागंज के समीप रात में किसी समय पाकड़ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक संजय ने आत्महत्या क्यों की ? इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### मंडल में जीते प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण




**शाहजहांपुर।** मंडलीय बाल उत्सव में सहायक शिक्षा निदेशक बरेली मंडल बरेली एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली द्वारा मंडल में जीते सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए। जिसमें 10 प्रतिभागियों में चार बरेली से, चार शाहजहांपुर से, एक पीलीभीत व एक बदायूं से विजयी रहा। शाहजहांपुर टीम द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वय बालिका शिक्षा के निर्देशन में प्रतिभाग किया गया।शाहजहांपुर टीम द्वारा शानदार मिशन शक्ति प्रस्तुति पर सहायक शिक्षा निदेशक द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। सांस्कृतिक प्रोग्राम में कोमल देवी, सुहानी, अनन्या, मेरे बदलाव की कहानी में आकांक्षा पांडे, अनुष्का शुक्ला, अंशिका के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। शाहजहांपुर की टीम में जिला गाइड कैप्टन मीना मंच की नोडल शिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# हृदय केंद्रित जीवन-दृष्टि है सहज मार्ग साधना पद्धतिः दाजी

- रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के पांचवें चरण में उमड़ी भारी भीड़
- देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर की विश्व शांति की कामना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सवदृ2026 के पांचवें और अंतिम चरण में अभ्यासियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रातःकाल उत्सव का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देशदृविदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की मंगल कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में कहा कि पूर्वाग्रह तो विवेक और समझदारी का चोला पहने रहता है। यह स्वयं को सत्य के प्रति निष्ठा, अनुभव से अर्जित बुद्धिमत्ता और सही निर्णय लेने की एक परिपक्व क्षमता के रूप में प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि आप सीमित दीवारें खड़ी करते हुए असीम तक नहीं पहुँच सकते। आप अलग रहने की ज़िद करते हुए परमात्मा में विलीन नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि सहज मार्ग और हार्टफुलनेस मेडिटेशन जीवन को भीतर से सँवारने की सरल और प्रभावी पद्धतियाँ हैं। ये केवल ध्यान की तकनीक नहीं, बल्कि हृदय-केंद्रित जीवन-दृष्टि हैं। सायं काल में भी आयोजित ध्यान सत्र में भारी संख्या में अभ्यासियों ने ध्यान साधना की। आयोजन को सफल बनाने में सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल,कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, नीलम सेठ, संजय मिश्रा, ममता सिंह, विनोद श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, एस के शर्मा, कृष्णा भारद्वाज आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से बची रेल यात्री की जान

**शाहजहांपुर।** रविवार को गाड़ी संख्या पदमावत एक्सप्रेस के शाहजहांपुर स्टेशन से प्रस्थान करने पर एक यात्री द्वारा चलती गाड़ी में चढ़ने का असफल प्रयास किया गया। यात्री गाड़ी संख्या 14207 में चढ़ नहीं पाया तथा पैर फिसलने के कारण गाड़ी के पायदान तथा प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। गाड़ी के ट्रेन मैनेजर संजय कुमार मेल, हेड क्वार्टर मुरादाबाद ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत गाड़ी को प्लेटफॉर्म पर रोका एवं स्टेशन स्टॉफ, रेलवे सुरक्षा बल तथा जीआरपी स्टॉफ के सहयोग से यात्री को पायदान एवं प्लेटफॉर्म के बीच से निकालकर यात्री की जान बचाते हुए एक सराहनीय कार्य किया। आज ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से एक यात्री की जान बच गई। यात्री के निकलने के बाद ट्रेन मैनेजर ने तुरंत गाड़ी को शाहजहांपुर स्टेशन से प्रस्थान कराया। घायल यात्री को रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी एवं स्टेशन स्टॉफ ने भी सतर्कता दिखाते हुए तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर ईलाज हेतु चिकित्सालय भेजा गया।

निरंतर स्टेशन स्टॉफ, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी स्टॉफ, सोशल मीडिया प्लेटफार्म, स्टेशन पर लगे एनाउसमेंट सिस्टम द्वारा यात्रियों को चलती गाड़ी में चढ़ने एवं उतरने से मना करने के लिए निरंतर जागरूक किया जाता है। यह जानलेवा है। ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से यात्री की जान बच सकी। सभी यात्रियों से निवेदन है, कि गाड़ी के प्लेटफॉर्म पर रुकने पर ही गाड़ी में चढ़े एवं उतरे। एक यात्री की लापरवाही एवं गलती के कारण सभी कर्मचारियों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## रंगो का पर्व होली पर अबीर-गुलाल लगाकर बच्चों ने एक-दूसरे को दी बधाई



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय ग्राम कटौल के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को अवकाश के अपरांत अबीर, गुलाल लगाकर एक, दूसरे को दी बधाई। बच्चे सुबह से ही होली के रंग खेलने के उत्सुक दिखे पर गुरुजनों ने अनुशासन में रहते हुए अवकाश के बाद रंगों को खेलने की अनुमति दी गुरुजनों ने भी बच्चों को होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और प्यार बांटा और सभी ने एक दूसरे को रंग लगाए और रंगारंग कार्यक्रम के मध्य जलपान की भी व्यवस्था की चारों तरफ रंगो की बौछारें देखते ही बनती थी गुरुजनों ने बच्चों को अस्वस्थ किया कि सभी लोग होली के पर पर बड़ी सावधानी से रंग खेले किसी को कोई हानि नाम पहुंचाएं इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत कुमार भटनागर, के साथ स्टॉप के रमेश चंद्र, अतुल सिंह, अंकिता गर्ग, पारुल सिंह, शालिनी भदौरिया, एवम् समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## सचिव ने किया बाल गृह का निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. संजीव कुमार शर्मा सदस्य सचिव, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा जनपद स्थित राजकीय बाल गृह (बालक), राजकीय शिशु गृह एवं राजकीय संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा सहित बाल कल्याण समिति के सदस्य रामऔतार त्रिपाठी, मुनीश सिंह परिहार, अधीक्षक रामेंद्र शेखर श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सदस्य सचिव द्वारा संस्थाओं में रह रहे बच्चों को प्रदान की जा रही आवास, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। अभिलेखों का अवलोकन करते हुए बच्चों से संवाद भी किया गया। उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं संरक्षण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना आवश्यक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी के अवसर पर जनपद के परिषदीय विद्यालयों में प्रयोग आधारित विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान मेलों में वर्किंग मॉडल, क्विज, पोस्टर मेकिंग, हैंड्स ऑन एक्सपेरिमेंट्स आदि गतिविधियों को आयोजित किया गया। प्राथमिक विद्यालय बुझिया ब्लॉक पुवायां में बच्चों ने वायुदाब, अम्ल-क्षार, ज्वलन में ऑक्सीजन संबंधित प्रयोग करके दिखाए। एआरपी शुभम तिवारी, जितेंद्र गुप्ता तथा राजवीर चौधरी इस अवसर पर उपस्थित हुए जिन्होंने बच्चों को अनेक प्रयोग करके दिखाए। उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवां में विज्ञान नाटिका का मंचन हुआ। बच्चों ने मॉडल भी प्रदर्शित किए। उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़िया कलां में वर्किंग मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। प्राथमिक विद्यालय मठिया तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर तिलहर में विज्ञान मेले की थीम से संबंधित गतिविधियां संपन्न की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने विज्ञान दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना आवश्यक है। प्रयोग आधारित विज्ञान मेले के लिए सुझावात्मक गतिविधियों का संकलन और ÷भारत के ज्ञान नक्षत्र÷ विषयक पॉडकास्ट का प्रसारण स्टेट रिसोर्स ग्रुप के द्वारा किया गया। एसआरजी अश्वनी कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 का विजन तथ्यों की रटने पर नहीं बल्कि क्रिटिकल थिंकिंग पर आधारित है। पूर्व प्राथमिक से लेकर हर विषय की पाठयपुस्तकों में 21वीं सदी की अपेक्षाओं के अनुसार वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। विज्ञान मेलों के आयोजन में रोली गुप्ता, रबजोत कौर, पल्लवी, रंजना यादव, अमिता शुक्ला, शिवा कुशवाहा आदि शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## बच्चों ने खेली खोली



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के बलिया गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में होली की छुट्टी होने से एक दिन पूर्व शनिवार दोपहर स्कूलों में बच्चों ने एक दूसरे के रंग लगाकर होली की बधाई दी और एक दूसरे को रंग लगाकर खुशियां बनाई बच्चों ने साथ-साथ में स्कूल के प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी को भी सूखा रंग लगाकर होली की बधाई दी राजकुमार तिवारी ने भी बच्चों के रंग लगाया और बच्चों को हिदायत दें की होली पर सुख रंग से होली खेले जिला अथवा कचरा मिट्टी कीचड़ किसी के ऊपर ना डालें बीमार अथवा बुजुर्ग व्यक्ति पर रंग ना डालें होली भाईचारे के साथ मनाएं। इस अवसर पर राजकुमार सहित कई कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## देर रात हंगामा करने वाले सीसीटीवी में हुए कैद, गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पूर्व सभासद सराफा व्यापारी के आवास पर कुछ लोगों ने पथराव करते हुए जमकर हंगामा काटा। जिसकी आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवकों को हिरासत में ले लिया है। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी पूर्व सभासद व सराफा व्यापारी विकास गुप्ता के एक मकान में विवेक कुमार गुप्ता किराए पर रहते हैं। विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे शराब के नशे में कुछ लोग आए। और दरवाजा खोलने को कहा। जब उसने दरवाजा खोलने से मना कर दिया। तो आरोपियों ने मकान पर पथराव किया और लोहे की राड से गेट को तोड़ने लगे। इस घटना पर पड़ोसी जग गये और हंगामा कर रहे युवकों को ललकारा। तब उन्होंने बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। किरायेदार विवेक द्वारा घना की जानकारी होने पर रविवार सुबह पूर्व सभासद सराफा व्यापारी विकास गुप्ता व्यापारियों के साथ कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल जुगुल किशोर पाल से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से कुछ लोगों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।

## ग्लोरियस व एमए पब्लिक स्कूल में खेला गया रंग, दी गईं होली की बधाइयां

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल एम ए पब्लिक स्कूल में बच्चों ने जमकर रंग खेला एवं गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। वहीं स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ रंग खेल कर होली का जश्न मनाया स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने होली की मुबारकबाद देते हुए कहा की सभी बच्चे रंगों के इस त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग हरगिज़ न करें इससे त्वचा एवं एलर्जी के रोग हो सकते हैं जो लोग रंग नहीं लगवाना चाहते उन पर जबरदस्ती रंग न फेंके। स्कूल के सहायक प्रबंधक अब्दुल रहमान खान ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि रंगो के इस त्यौहार को आपसी सौहार्द भाईचारा एवं बंधुत्व के साथ मनाएं एवं अपने से बड़ों का आशीर्वाद लेकर उन्नति करें स्कूल के सहायक परीक्षा प्रभारी शिवम वर्मा ने बच्चों को अनुशासन में रंग खेल कर होली मनाने की नसीहत दी उन्होंने कहा की कुछ बच्चे केमिकल युक्त रंग लगाकर स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं इसलिए स्वास्थ्य से खिलवाड़ बिल्कुल ना करें एवं ग्रीन पटाखे का प्रयोग कर अपने आसपास के पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रयास करें। इस मौके पर नीतेश कुमार त्रिवेदी मोहम्मद जैद राजकुमार पाल आसना चौहान मनीषा सिंह आदित्य सिंह कृष्ण पाल गौतम रोमाना खान गुलफ्शा शहजादी निदा अंसारी जितेंद्र कुशवाहा एवं ग्लोरियस पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका इरम मंसूरी ने सभी बच्चों को होली की मुबारकबाद देते हुए ईश्वर से देश में अपार समृद्धि की कामना की है।

# उठहु राम भंजहु भव चापा, मेटहु तात जनक परितापा

- जानकी के स्वयंवर का प्रसंग सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्रीरामकथा के छठे दिन कथाव्यास श्री विजय कौशल जी ने पूर्व प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान राम गुरु विश्वामित्र के साथ पतित पावनी गंगा पर स्नान, ध्यान भजन और विश्राम के पश्चात जनकपुरी पहुंचे हैं। राजा जनक बड़ी खुशी और श्रद्धा भाव से उनका सत्कार करते हैं। जनक जी राम की शोभा व सुंदरता देख मंत्रमुग्ध से हो गए। विश्राम के बाद राम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा मांग, नगर भ्रमण की इच्छा व्यक्त की। गुरु की आज्ञा पाकर दोनों भाई जनकपुरी का दर्शन करने चले। नगर के नर नारियों ने जब दोनों सुंदर राजकुमारों को देखा तो वे भी उनकी सुंदरता देखकर मंत्रमुग्ध हो उठे। पूरे नगर में एक ही चर्चा हो रही है कि ये दोनों राजकुमार दुनिया में सबसे सुंदर हैं, जिसने भी देखा वह ठगा का ठगा रह गया।भगवान जैसे ही पुष्प लेने जनकपुरी की पुष्प वाटिका के द्वार पर पहुंचते हैं, ठीक उसी समय जानकी जी भी अपनी मां से आज्ञा पाकर पुष्प वाटिका में गौरी पूजन के लिए आती हैं। इस सुंदर भजन की संगीतमयी प्रस्तुति पर कथा पंडाल में मौजूद श्रोता झूम उठे। राम और जानकी दोनों का जैसे ही मिलन होता है, ऐसा लगता है जैसे दुनिया का स्वर्ग जनकपुरी की पुष्प वाटिका में उतर आया हो। सीता जी के स्वयंवर की तैयारी पूर्ण हुई एवं अनेक देशों के राजा महाराजा स्वयंवर में पधारे। जानकी जी भी अपनी सखियों सहित स्वयंवर में पधारती हैं। स्वयंवर की घोषणा होती है कि जो कोई भी इस शिवधनुष को उठाएगा, जानकी जी उसी के गले में अपनी वरमाला डालेंगी। धनुष को उठा पाने में सारे राजा महाराजा असफल रहते हैं। तब दस हजार राजा एक ही बार धनुष को उठाने लगे, इसके बावजूद भी वह उनके टाले नहीं टलता।अब जनक जी चिंतित हो उठे कि मेरी पुत्री सीता का विवाह कैसे होगा। वे कहने लगे- लिखा न विधि वैदेहि विवाहू। इस बात पर लक्ष्मण जी अत्यंत क्रोधित होते हैं किंतु राम मन ही मन मुस्कुरा रहे हैं।गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम उठते हैं। उठहु राम भंजहु भव चापा, मेटहु तात जनक परितापा राम ने अत्यंत उदास सीताजी को देखा एवं तुरंत ही धनुष की तीन परिक्रमा कर, धनुष को पकड़ प्रत्यंचा को खींचा और ऐसा करते ही धनुष टूट गया। सीता जी ने राम के गले में वरमाला पहना दी। चारों ओर राम और सीता की जय जयकार होने लगी। इस अवसर पर मंच की शोभा बढ़ाने वालों में महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज, स्वामी अभेदानंद महाराज, पीलीभीत से स्वामी हनुमाननाथ, स्वामी सर्वेश्वरानंद महाराज, फर्रुखाबाद से पूज्य व्यास राममूर्ति मिश्र, ज्योतिषी रामशंकर उपाध्याय, ज्योतिषी शुभेश शरमनएवं स्वामी विवेकानंद सरस्वती प्रमुख थे। पुवायां विधायक चेतराम, जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा, डी.पी.एस. राठौर एवं सोनिया राठौर, अरुण खंडेलवाल एवं अंजू खंडेलवाल, सोबरन सिंह यादव, एडवोकेट ओम सिंह, एडवोकेट संतोष सिंह, मचकेन्द्र सिंह, आरएसएस से एडवोकेट रवि मिश्रा, इंजीनियर आर के अग्रवाल, प्रो अवनीश मिश्र, प्रो आर के आजाद, प्रो अनुराग अग्रवाल सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की समस्त शिक्षण संस्थाओं के सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। कथा आरंभ होने से पहले व्यासपीठ का पूजन डॉ देवेंद्र कुमार सिंह, प्रीति सिंह एवं प्रांजल रस्तोगी तथाझरना रस्तोगी के द्वारा किया गया। कथा के अंत में आरती विधायक चेतराम, सोवरन सिंह, संतोष सिंह एवं ज्योति मिश्रा के द्वारा की गई। प्रसाद वितरण में अशोक अग्रवाल एवं डॉ रामनिवास गुप्ता का योगदान रहा।

## निवेश के इस सहज दौर में इनफ्लुएंसर्स से बचिए

'जुलाई 2022 की बात है, मैंने कॉलेज के छात्रों के लिए एक एक्सपेरिएंटियल लर्निंग मैनेजमेंट प्रोग्राम आयोजित किया। हमने छह समूहों को 500-500 रुपए दिए और उनसे कहा कि एक निश्चित समय में इस रकम को दोगुना करें। मुझे याद है कि इसके लिए उन्हें 48 घंटे का समय दिया गया था। उन्हें न केवल कमाई गई राशि दिखानी थी, बल्कि जजों को पूरी प्रक्रिया भी समझानी थी। जहां कुछ समूह पूंजी को दोगुना करने में सफल रहे, वहीं कुछ ने 300 रुपए जैसा थोड़ा कम मुनाफा कमाया। लेकिन उनमें से एक समूह ने अपनी पूरी राशि ही गंवा दी! उन्होंने बहुत कम समय में जल्दी मुनाफा कमाने के चक्कर में अपनी मूल राशि एक 'क्रिप्टो प्लेटफॉर्म' में लगा दी। जिस दिन प्रोजेक्ट जमा करना था, उस प्लेटफॉर्म ने सभी तरह की निकासी रोक दी! जब उनसे इसका कारण पूछा गया, तो सामने आया कि इस ग्रुप ने फिनफ्लुएंसर्स की सिफारिश पर ऐसा किया। ये सोशल मीडिया स्टार 'इन्फ्लुएंसर्स' की ही सब कैटेगरी हैं, जो वित्तीय विशेषज्ञ होने का दावा करते हैं। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि 'जेन-जी' के वित्तीय नैरेटिव अक्सर साबुन के बुलबुले की तरह होते हैं। शायद वजह यह है कि हम सभी 'सहज निवेश' के युग में हैं। वास्तव में, शेयर बाजार पहले कभी इतना समावेशी नहीं रहा जितना हमने हाल के वर्षों में देखा है। हर सेक्टर में एक 'स्टार परफॉर्मर' मौजूद है, जिससे इन युवा निवेशकों के पास पैसा बनाने की सामान्य से अधिक संभावना होती है। हालांकि एक अकादमिक अध्ययन ने चेतावनी दी है कि 'जेन-जी' शेयर बाजार की इस ऊंची उड़ान के प्रति बहुत ज्यादा जोखिम ले रहे हैं। जी हां, युवा वयस्क शेयर बाजार में बड़े स्तर पर मौजूद हैं। वित्तीय उद्योग ने इस वर्ग की दिलचस्पी को देखते हुए ऐसे ऐप बनाए हैं जिनसे स्टॉक खरीदना और बेचना बहुत सस्ता या मुफ्त हो गया है। हम 'लोकतांत्रिक और सहज निवेश' के एक नए युग में हैं। सोशल मीडिया दिलचस्पी तो जगा सकता है, लेकिन वास्तविक वित्तीय सुरक्षा केवल प्रमाणित क्रेडेंशियल्स और उन प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर करती है जो भारत के विकसित होते 'प्रतिभूति बाजार संहिता' का पालन करते हैं। वर्ष 2026 की शुरुआत तक, भारत की वित्तीय खुफिया इकाई एफआईयू-इंडिया ने 20 से अधिक ऐसे क्रिप्टो प्लेटफॉर्म और एप की पहचान की है जिन्हें कुछ नियमों का पालन न करने के कारण असुरक्षित कैटेगरी में डाल दिया गया है। ऐसे में, विश्वस्त सलाह पर भरोसा करना ही आपकी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने का एकमात्र तरीका है।

# किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या अत्यंत गंभीर



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के आधुनिक युग में मनुष्य जिस प्रकार से खुद को उन्नत महसूस कर रहा है, उससे ज्यादा खुद को समस्याओं में घिरा पा रहा है, इसमें विशेष है मानसिक स्वास्थ्य समस्या। हर उम्र के लोग कभी न कभी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से रूबरू होते है या हुए है, सुख-शांति बस नाम की नजर आती हैं। ऐसा लगता है, जैसे हर कोई किसी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जी रहा हैं। आजकल किशोरवयीन बच्चों में भी मानसिक स्वास्थ्य समस्या का विषय बेहद घातक स्तर पर पहुंच गया हैं। किशोरों में लगातार बढ़ता आपराधिक ग्राफ भी गंभीर नजर आता है, इस उम्र के बच्चों में गुस्सा, चिड़चिड़ापन, तनाव, द्वेष, सहनशीलता की कमी, सोशल मीडिया की लत, नशाखोरी जैसी समस्या तेजी से बढ़ी हैं। हम अक्सर किशोरों द्वारा किये जानेवाले घटनाओं और कृत्यों को जानकर दंग रह जाते है कि, अभिभावकों ने केवल डांटा तो किशोरवयीन बच्चे आत्महत्या या खुद को हानि पहुँचाते, घर से भाग जाना या अनुचित कदम उठाने जैसे अपराध करते है, संगीन अपराधों के लिए बड़े अपराधियों जैसी गैंग बनाकर घूमते हैं।

चोरी, डकैती, तस्करी, बलात्कार, खून, जानलेवा हमला करने जैसे गंभीर गुनाहों में भी किशोरवयीन बच्चे लिप्त होने की घटनाएं हैं। स्कूली बच्चों द्वारा अपने शिक्षक पर भी जानलेवा हमले करने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। कम उम्र में ही गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, नशाखोरी, झूठा दिखावा करना, बात-बात पर झूठ बोलना, संस्कारों की कमी, नैतिकताहीन, चरित्रहीनता, अश्लीलता, फूहड़ता ने समाज में जहर घोल दिया हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए मर्यादाओं को लांघकर बेशर्मी का चोला पहनकर अनेक युवा जिंदगी बर्बाद कर चुके हैं।

दूसरी ओर अभिभावकों का अपने बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों पर अँधा भरोसा, बच्चों को समय न देना, बच्चों को पोषक वातावरण न देना, बच्चों से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना, प्रतियोगिता का माहौल बनाना, बच्चों पर दबाव डालना या बच्चों की भावनाओं को अभिभावकों द्वारा न समझना, बुरी संगत, बच्चों का जीवन में बुरी बातों या घटनाओं का विरोध करने से डरना, किसी खौफ के साये में जीना भी आजकल किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य की वजह हैं। किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 2 मार्च को विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, यह दिवस जागरूकता बढ़ाने, स्टिग्मा को कम करने, चिंता और तनाव,




अवसाद जैसी किशोरवयीन स्वास्थ्य चुनौतियों के बारे में खुली बातचीत को बढ़ावा देने और साथ ही स्वःदेखभाल नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देता हैं। इस साल 2026 की थीम किशोरवयीन विद्यार्थियों को उनके स्कूलों में स्वास्थ्यवर्धक कल्याणकारी उपक्रम हेतु नेतृत्व करने के लिए मजबूत बनाना यह हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, किशोरवयीन बच्चे शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक बदलावों की वजह से मानसिक स्वास्थ्य समस्या के शिकार हो जाते है, जिसमें गरीबी, गलत व्यवहार या हिंसा शामिल हैं। इन्हें ऐसी समस्याओं से बचाकर बेहतर जीवन के लिए आवश्यक पोषक वातावरण निर्माण कर देना बेहद जरुरी हैं। ऐसा अनुमान है कि, दुनिया भर में, 10-19 साल की उम्र के हर सात में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का शिकार है, यह दुनिया भर में होने वाली कुल बीमारियों का 15 प्रतिशत है, फिर भी इन समस्या को ज़्यादातर पहचाना नहीं जाता और उनका इलाज नहीं किया जाता। ज़िंदगी भर होने वाली सभी मानसिक बीमारियों में से आधी 14 साल की उम्र में शुरू हो जाती हैं। ऐसे मानसिक समस्या वाले बच्चे सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव, कलंक पढ़ाई में मुश्किल, जोखिम लेने का व्यवहार, शारीरिक बीमारी और मानवाधिकारों के उल्लंघन के शिकार होते हैं। व्यवहार संबंधी मानसिक विकार बड़े किशोरों की तुलना में छोटे किशोरों में ज़्यादा आम हैं।

किशोरवयीन बच्चों में बीमारी और विकलांगता के मुख्य कारण डिप्रेशन, एंग्जायटी और बिहेवियरल डिसऑर्डर हैं। 15-29 साल के बच्चों में आत्महत्या मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार सुविधा न मिलने के कारण उनके बड़े होने पर उन्हें समाज, परिवार में योग्य स्थान प्राप्त नहीं मिल पाता, जिसके कारण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक संघर्षों का सामना करना पड़ता हैं। अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, कंडक्ट डिसऑर्डर, बिहेवियरल डिसऑर्डर किशोरों की पढ़ाई पर असर डालकर क्रिमिनल बिहेवियर का खतरा बढ़ा सकते है, जो समस्त मानव समाज के लिए चिंता का विषय होता हैं।

आज के समय में किशोरवयीन बालकों में मानसिक स्वास्थ्य समस्या के लिए अभिभावक सबसे ज्यादा दोषी हैं। बच्चे अभिभावकों की जिम्मेदारी है और अभिभावक यही बात भूल जाते हैं। बच्चों के लाड-प्यार या जिद पूरी करने से ही जिम्मेदारी पूरी नहीं होती हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक जरूरतों को समझना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।

बच्चों के लिए आवश्यक और उनकी जिद के बीच के अंतर को समझना चाहिए। अक्सर अभिभावक कहते है कि हम बच्चों के लिए पैसा कमाने में व्यस्त रहते है, लेकिन दुनिया में हर जरुरत पैसे से नहीं खरीद सकते या हर जरुरत को पैसे से पूरा नहीं किया जा सकता। बच्चों को सही समय पर उनका साथ देना जरुरी होता है, बच्चों के साथ दोस्त बनकर थोड़ा ही सही लेकिन समय बिताना भी जरुरी होता हैं। अपने बच्चे है इसलिए उनकी गलतियों पर पर्दा डालना या जिद करते है इसलिए उनकी नाजायज मांग भी पूरी करना तो सरासर गलत हैं। आज दुनिया भर में या हम जो समाज में अपराधी देखते है, शायद सही वक्त पर उन अपराधियों को उनके अभिभावकों ने अच्छी परवरिश, संस्कार और बेहतर पोषक वातावरण निर्माण कर दिया होता तो आज वे समाज के लिए नासूर न बने होते। रोजाना स्वस्थ नींद, नियमित रूप से व्यायाम, शारीरिक और मानसिक कसरत वाले खेल खेलना, समस्या का समाधान करने और पारस्परिक कौशल विकसित करना और भावनाओं को प्रबंधित करना सीखना जरुरी हैं। घर-परिवार, स्कूल और व्यापक समुदाय के भीतर एक सुरक्षात्मक और सहायक वातावरण महत्वपूर्ण हैं।

अध्ययन से पता चला है कि स्कूल जाने वाले बच्चों में मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम 23.33 प्रतिशत है। पढ़ाई का दबाव, सोशल मीडिया का ज़्यादा इस्तेमाल और परिवार का टूटना तनाव में काफी योगदान देते हैं, जिसमें 43 प्रतिशत विद्यार्थी मूड स्विंग्स और 11 प्रतिशत चिंता की बात करते हैं। 10 प्रतिशत से भी कम युवा भारतीयों के पास औपचारिक मानसिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच हैं। मानसिक स्वास्थ्य विकार में अधिकतम किशोर मदद लेने से झिझकते हैं। साइबरबुलिंग, सोशल तुलना और इंटरनेट की लत बढ़ रही है, 15-19 साल के बच्चों में शराब का सेवन काफी हैं। 13-17 साल के लगभग 7 प्रतिशत किशोरों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकार होते हैं, और युवाओं में मौत का सबसे बड़ा कारण आत्महत्या हैं। बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत करने के लिए और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु अभिभावकों ने बच्चों के साथ समय बिताना बहुत जरुरी हैं। शारीरिक गतिविधियां और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक पॉजिटिव रिश्ता होता है, खेलकूद करने पर तनाव कम होने लगता है, इसलिए अभिभावकों ने अपने बच्चों को साथ लेकर बाहर साइकिलिंग, स्केटिंग, स्विमिंग, हाइकिंग, या कोई भी मैदानी खेल खेलने ले जाना चाहिए। बच्चों के साथ हंसी मजाक करना, उन्हें सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए स्वयंसेवक के रूप में प्रोत्साहित करना, साथ में खाना, नाश्ता करना, दिनभर के गतिविधियों पर चर्चा करना, हेल्दी हॉबी विकसित करना सिखाए, व्यायाम योगा का महत्त्व समझना, अच्छे संस्कार, भेदभाव को भूलकर मानवता का सन्देश देना, प्रकृति और देशसेवा को प्रथम स्थान देना जैसी बातें बच्चों को समझाना अभिभावकों, शिक्षकों का परम कर्तव्य हैं। बच्चों की खूबियों या फिर गलतियों को कभी नजरअंदाज न करें, उन्हें सही समय पर सही दिशा देना जरुरी होता हैं। इस प्रकार बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे और बुरी आदतों से दूर रहेंगे, इससे उनमे मानसिक स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होने की संभावना नहीं होगी।

**बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत करने के लिए और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु अभिभावकों ने बच्चों के साथ समय बिताना बहुत जरुरी हैं। शारीरिक गतिविधियां और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक पॉजिटिव रिश्ता होता है, खेलकूद करने पर तनाव कम होने लगता है, इसलिए अभिभावकों ने अपने बच्चों को साथ लेकर बाहर साइकिलिंग, स्केटिंग, स्विमिंग, हाइकिंग, या कोई भी मैदानी खेल खेलने ले जाना चाहिए। बच्चों के साथ हंसी मजाक करना, उन्हें सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए स्वयंसेवक के रूप में प्रोत्साहित करना, साथ में खाना, नाश्ता करना, दिनभर के गतिविधियों पर चर्चा करना, हेल्दी हॉबी विकसित करना सिखाए, व्यायाम योगा का महत्त्व समझना, अच्छे संस्कार, भेदभाव को भूलकर मानवता का सन्देश देना, प्रकृति और देशसेवा को प्रथम स्थान देना जैसी बातें बच्चों को समझाना अभिभावकों, शिक्षकों का परम कर्तव्य हैं। बच्चों की खूबियों या फिर गलतियों को कभी नजरअंदाज न करें, उन्हें सही समय पर सही दिशा देना जरुरी होता हैं। इस प्रकार बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे और बुरी आदतों से दूर रहेंगे, इससे उनमे मानसिक स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न होने की संभावना नहीं होगी।**

विचार

# जो देश 6जी की दौड़ में आगे, दुनिया पर उसी का दबदबा

डॉ. अजीत रानाडे

मार्च में बार्सीलोना में होने जा रही मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में नए प्रोडक्ट-लॉन्चों और बड़ी-बड़ी बातों के बीच हर किसी के मन में एक ही सवाल होगा कि 6जी की दौड़ में दुनिया का नेतृत्व कौन करने जा रहा है? मोबाइल टेक्नोलॉजी की अगली पीढ़ी यह तय करेगी कि उस महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसका नियंत्रण होगा, जिस पर आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं, सुरक्षा तंत्रों और लोकतांत्रिक सरकारों की निर्भरता बढ़ती जा रही है। 6जी के तकनीकी स्टैंडर्ड अभी से तय किए जाने लगे हैं। 2028 तक इसकी रूपरेखा बन सकती है और 2030 के आसपास इसे लागू कर दिया जाएगा। जो भी इस क्षेत्र में लीड करेगा, वही आने वाले दशकों तक आर्थिक और सामरिक वर्चस्व की स्थिति में रहेगा।

वास्तव में 6जी की दौड़ 5जी की तुलना में ज्यादा पहले शुरू हो रही है- और कहीं अधिक गहराई तक जा रही है। 5जी को लेकर होने वाली राजनीति इस प्रश्न पर केंद्रित थी कि क्या हुआवेइ जैसे चीनी विक्रेताओं पर राष्ट्रीय नेटवर्क बनाने के लिए भरोसा किया जा सकता है। पश्चिमी सुरक्षा अधिकारियों के दबाव ने हुआवेइ को स्वयं में बदलाव लाने के लिए बाध्य किया। प्रमुख पश्चिमी बाजारों से कट जाने के बाद उसने अपनी आपूर्ति शृंखलाओं का पुनर्गठन किया, घरेलू इनोवेशन को बढ़ाया और राज्यसत्ता के समर्थन से चीनी सरकार के सामरिक उद्देश्यों के अधिक अनुरूप होकर उभरी। लेकिन 6जी को लेकर संघर्ष सप्लायर्स का नहीं, तकनीकी ब्लूप्रिंट का है। 6जी सेल्युलर टेक्नोलॉजी से अपेक्षा है कि वे एआई और एडवांस्ड कम्प्यूटिंग को सीधे नेटवर्क संरचना में जोड़ेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर ऑटोमेशन संभव होगा। लेकिन जब अरबों डिवाइसेस आपस में जुड़ी होंगी और नेटवर्क खुद ही सेंसर और एआई लेयर के रूप में काम करेगा, तो डिजाइन में मौजूद किसी भी तरह की कमजोरी के व्यापक परिणाम भी हो सकते हैं। डिजिटल सम्प्रभुता बुनियादी ढांचे पर निर्भर है। अगले दशक में निर्मित होने वाले नेटवर्क उसी डेटा को कैरी करेंगे, जिनसे अस्पताल, बिजली ग्रिड, सैन्य प्रणालियां और चुनाव प्रणालियां संचालित होती हैं। वर्तमान में इस दौड़ में तीन ताकतें अग्रणी हैं। एक है चीन, जिसके पास भरपूर सामर्थ्य है। दुनिया के 6जी-संबंधी पेटेंट आवेदनों का 40ः से अधिक हिस्सा उसके पास है और उसकी सरकार ने रिसर्च को बढ़ाने के लिए पूरी क्षमता झोंक रखी है। 5जी को लेकर हुए टकराव से कमजोर होने के बजाय और मजबूत होकर उभरी हुआवेइ इसके केंद्र में है। राज्यसत्ता की पूरी शह के चलते वह इस स्थिति




में है कि समानांतर प्रणालियां भी संचालित कर सकती है। चीन ने अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण के संस्थानों में भी भारी निवेश किया है और बुनियादी ढांचा सम्बंधी कूटनीति के जरिए वह ग्लोबल साउथ के देशों को साधने का प्रयास कर रहा है।

अमेरिका 6जी को एक अलग पोजिशन से देखता है। उसकी टेक कम्पनियां कनेक्टिविटी से उत्पन्न वैल्यू का बड़ा हिस्सा अर्जित करती हैं, भले ही वे रेडियो नेटवर्क का निर्माण न करती हों। फिर भी, अमेरिका मुख्य हार्डवेयर के लिए गैर-अमेरिकी विक्रेताओं- विशेष रूप से एरिकसन और नोकिया पर निर्भर बना हुआ है। ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क के जरिए बाजार को नया आकार देने के प्रयासों का अब तक कोई खास असर नहीं पड़ा है, हालांकि 6जी के निकट आने के साथ ऐसी कोशिशों के पुनः उभरने की संभावना है। इस बीच, अमेरिका कनेक्टिविटी पर अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं- जिनमें सैटेलाइट और सॉफ्टवेयर-आधारित प्रणालियां शामिल हैं- को भी प्रोत्साहित कर सकता है। क्लाउड और एआई सेवाओं में पहले ही अमेरिकी प्रभुत्व स्थापित है। इसे नेटवर्क लेयर तक बढ़ाना उस पर दुनिया की मौजूदा निर्भरताओं को और गहराएगा ही। इससे उन देशों के सामने नई सामरिक चुनौतियां पैदा होंगी, जो पहले ही अमेरिकी प्लेटफॉर्म और सेवाओं पर निर्भर हैं। यूरोप का मामला तो और अजीब है। वह अनेक डिजिटल क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है, किंतु टेलीकॉम के क्षेत्र में अब भी ग्लोबल लीडर है। एरिकसन और नोकिया उन गिनी-चुनी कंपनियों में हैं, जो व्यापक पैमाने पर पूर्ण रेडियो एक्सेस नेटवर्क प्रदान करने में सक्षम हैं।

यह औद्योगिक आधार यूरोप को ऐसा प्रभाव देता है, जो बहुत कम क्षेत्रों के पास है। किंतु यही स्थिति तनाव का कारण भी बन सकती है।चूंकि यूरोपीय टेलीकॉम कंपनियां अमेरिकी आपूर्ति शृंखलाओं और बाजारों से गहराई से जुड़ी हुई हैं, इसलिए ईयू की रणनीति तैयार करने वालों के लिए यह मान लेना सम्भव नहीं है कि उनकी भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं और कॉर्पोरेट प्रोत्साहन हमेशा एक-दूसरे के अनुरूप बने रहेंगे। आज 6जी की दौड़ में तीन ताकतें आगे हैं। चीन, जिसके पास भरपूर सामर्थ्य है। अमेरिका, जिसकी टेक कम्पनियां कनेक्टिविटी से उत्पन्न वैल्यू का बड़ा हिस्सा अर्जित करती हैं। और यूरोप, जो टेलीकॉम में ग्लोबल लीडर है।

साहित्य



## एक छोटी सी किरण

दीपक सिंह


एक छोटी सी किरण उल्टी पल्टी।
दिल में अटकी दिल से भटकी।।

नैन कटीले उनके दिखते,
जैसे मधुशाला वो।
हिरनी जैसी चलती वो,
जैसे हिरनीबाला वो।

उनकी अदायगी तन से है,
मन से वो है भटकी भटकी ।।
छोटी सी किरण उल्टी पल्टी।
दिल मे अटकी दिल से भटकी ।।

दिल पर बोझ बरसता उनके,
ओठो से मुस्काती वो।
सच को दफनाना चाहे,
झूठो मे इतराती वो।।

उनकी बोली मे नखरे बहुत है,
सारी बातें भटकी भटकी।
एक छोटी सी किरण उल्टी पल्टी।
दिल मे अटकी दिल से भटकी।।



## राशिफल

**मेषः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**वृषभः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** परम्पराओं व संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईर्ष्या भाव ठीक नहीं।

**कर्कः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्याः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछ्ले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा।

**वृश्चिकः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**धनुः-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**मकरः-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः-** मन को खराब विचारों से दूर रखते हुए अच्छे कार्य में केन्द्रित करें। नई स्थितियां आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा।

**मीनः-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा।

# जीवन का उत्सव है होली

डॉ. आशीष वशिष्ठ

रंगों का त्योहार होली भारत और दुनिया भर में भारतीय समुदायों के बीच सबसे जीवंत और आनंदमय उत्सवों में से एक है। परंपरागत रूप से वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली, हंसी, एकता और रंगों का उत्सव है। हालांकि इसकी जड़ें उत्तर भारत में गहरी हैं लेकिन अब यह त्योहार पूरे भारत में दक्षिण भारत सहित और विश्व स्तर पर जहां भी भारतीय संस्कृति फल-फूल रही है, वहां मनाया जाता है।

होली का महत्व पौराणिक कथाओं में गहराई से जुड़ा हुआ है और विभिन्न कथाएं इसकी समृद्ध परंपरा का हिस्सा हैं। ऐसी ही एक कथा प्रह्लाद और होलिका की कहानी है, जो अत्याचार और छल पर भक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक है। एक अन्य कथा राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का गुणगान करती है, जिनके रंगों से भरे खेल इस त्योहार का पर्याय बन गए हैं। होली की तरह इसकी परम्पराएं भी अत्यंत प्राचीन हैं और इसका स्वरूप और उद्देश्य समय के साथ बदलता रहा है। प्राचीन काल में यह विवाहित महिलाओं द्वारा परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता था और पूर्ण चंद्र की पूजा करने की परम्परा थी। वैदिक काल में इस पर्व को नवात्रैष्टि यज्ञ कहा जाता था। उस समय खेत के अधपके अन्न को यज्ञ में दान कर प्रसाद लेने का विधान था। अन्न को होला कहते हैं, इसी से इसका नाम होलिकोत्सव पड़ा। भारतीय ज्योतिष के अनुसार चैत्र शुदी प्रतिपदा के दिन से नववर्ष का भी आरम्भ माना जाता है। इस उत्सव के बाद ही चैत्र महीने का आरम्भ होता है। अत- यह पर्व नवसंवत् का आरम्भ तथा वसंतागमन का प्रतीक भी है। इसी दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म हुआ था, इस कारण इसे मन्वादितिथि कहते हैं। होली नवजीवन, समृद्धि और पुरानी बातों को भुलाने का प्रतीक है- चाहे वह बीते मौसम को त्यागना हो, पुरानी शिकायतों को दूर करना हो या नकारात्मकता को। भारतीय पौराणिक कथाओं में निहित होलिका और प्रह्लाद की कहानी अहंकार और बुराई पर आस्था और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। होली की पूर्व संध्या पर किया जाने वाला होलिका दहन का अनुष्ठान अतीत को जलाकर नई शुरुआत का स्वागत करता है। यह रंगोत्सव हमारे पूर्वजों की दूरदर्शिता है जो अनेक विषमताओं के बीच भी समाज में एकत्व का संचार करता है।

होली के उत्सव में रंगों का विशेष महत्व है क्योंकि यह उत्सव को गहराई और अर्थ प्रदान करता है। प्रत्येक रंग का अपना विशेष प्रतीक होता है जो जीवन, प्रकृति और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। रंगों को एक-दूसरे पर उछालना बाधाओं को तोड़ने, बुराई पर अच्छाई की विजय और लोगों के बीच एकता, समानता और आनंद को बढ़ावा देने का प्रतीक है।

होली पहले मोदुगा (ब्यूटिया मोनोस्पर्मा), गेंदा, गुड़हल, टेसू, हल्दी, नीम, चुकंदर और नील जैसे फूलों से प्राप्त प्राकृतिक रंगों से खेली जाती थी। हालांकि, आधुनिकीकरण के कारण इन प्राकृतिक रंगों की जगह कृत्रिम रासायनिक रंगों ने ले ली। हानिकारक विषाक्त पदार्थ, भारी धातुएं और औद्योगिक रंग जो त्वचा की एलर्जी, श्वसन संबंधी समस्याएं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। जल निकायों और मिट्टी का प्रदूषण, जो त्योहार के बाद भी लंबे समय तक पर्यावरण को प्रभावित करता है। होली की खुशी स्वास्थ्य और स्थिरता की कीमत पर नहीं मिलनी चाहिए। सौभाग्य से प्राकृतिक रंगों का पुनरुद्धार हो रहा है। अब अधिक लोग पौधों से बने और पर्यावरण के अनुकूल होली के पाउडर को अपना रहे हैं और प्राकृतिक रंगों की सुंदरता को फिर से तलाश रहे हैं। उत्सव के बीच मीठे पकवानों की खुशबू हवा में घुल जाती है, जिससे त्योहार में एक अलग ही रंग भर जाता है। पारंपरिक मिठाइयां और नमकीन बड़े प्यार और देखभाल से तैयार किए जाते हैं, जो होली की उदारता और आतिथ्य सत्कार की भावना का प्रतीक हैं। सबसे लोकप्रिय पकवानों में खोया और मेवों से भरी गुजिया और ठंडाई शामिल हैं। ठंडई मसालों से भरपूर और भांग से सुगंधित ताज़ा पेय है। ये स्वादिष्ट पकवान दोस्तों और पड़ोसियों के साथ बांटे जाते हैं, जिससे समुदाय और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इन मिठाइयों और व्यंजनों का स्वाद तो लाजवाब है ही, इनका गहरा सांस्कृतिक महत्व भी है, जो जीवन की मिठास और समृद्धि की खुशी का प्रतीक हैं। ये बचपन और पारिवारिक समारोहों की यादें ताजा कर देते हैं, जहां हंसी और प्यार उम्र और पृष्ठभूमि की सीमाओं को पार करते हुए खुलकर बहते थे। होली के रंग जब आनंद और उल्लास फैलाते हैं तो वे भारतीय संस्कृति की जीवंतता और विविधता के लिए सशक्त प्रतीक बन जाते हैं। रंगों की इस बहुरंगी छटा के माध्यम से होली उन परंपराओं, भाषाओं और रीति-रिवाजों की विविधता को दर्शाती है जो भारतीय समाज का ताना-बाना बुनती हैं। यह जीवन का उत्सव है, उस अटूट दृढ़ता और नवीनीकरण की भावना का प्रमाण है जो हम सभी को एकजुट करती है। होली अपने प्रतीकात्मक महत्व और रीति-रिवाजों से परे समावेशिता और क्षमा की भावना का प्रतीक है, जो लोगों को मतभेदों को भुलाकर उस साझा मानवता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है जो हम सभी को एक साथ बांधती है। यह प्रेम और करुणा की शक्ति की याद दिलाती है जो कठिनाइयों पर विजय पाने और मित्रता और समझ के बंधन को मजबूत करने में सहायक होती है।

होली के उपलक्ष्य में अनेक सांस्कृतिक एवं लोक चेतना से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। महानगरीय संस्कृति में होली मिलन के आयोजनों ने होली को एक नया उल्लास एवं उमंग का रूप दिया है। इन आयोजनों में बहुत शालीन तरीके से गाने-बजाने के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। चंदन का तिलक और ठंडाई के साथ सामूहिक भोज इस त्योहार को गरिमामय छवि प्रदान करते हैं। देर रात तक चंग की धुंकार, घूमर, डांडिया नृत्य और विभिन्न क्षेत्रों की गायन मंडलियां अपने प्रदर्शन से रात बढ़ने के साथ-साथ मस्ती और खुशी को बढ़ाते हैं।

देश की सीमाओं से परे होली ने बहु संस्कृतिवाद और वैश्विक एकजुटता के प्रतीक के रूप में भी लोकप्रियता हासिल की है। अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे महत्वपूर्ण भारतीय प्रवासी समुदायों वाले देशों में होली का उत्सव सांस्कृतिक कैलेंडर का अभिन्न अंग बन गया है, जो सभी राष्ट्रीयताओं और पृष्ठभूमियों के लोगों को आकर्षित करता है। ये उत्सव अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संवाद के अवसर प्रदान करते हैं, जिससे भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समझ और सराहना को बढ़ावा मिलता है।

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि जीवन का ही उत्सव है- यह मानवीय भावना के लचीलेपन और प्रेम, क्षमा और नवीनीकरण की स्थायी शक्ति का प्रमाण है। होली के पावन पर्व पर हमें इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा कि अपने मन, वाणी और व्यवहार में अंतर्निहित आसुरी प्रवृत्तियों का परिष्कार करें एवं उसके स्थान पर पवित्रता की देवी को प्रतिष्ठित करें। हमें ऐसी सद्इच्छा करनी चाहिए होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ायें दुःख, चिंताएं, द्वेष-भाव, मतभेद और मनभेद आदि भस्म हो जाएं तथा हम सबके जीवन में प्रेम, प्रसन्नता, समानता, स्वतंत्रता, समरसता, हर्षोल्लास तथा आनंद के रंग भर जाएं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हरदोई।** कोतवाली देहात थाना पुलिस ने एक युवती से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 3 नवम्बर 25 को युवती के पति द्वारा थाना कोतवाली देहात पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात के द्वारा उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड की गयी। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। थाना कोतवाली देहात के एस आई रामजीत यादव और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये सत्यप्रकाश पुत्र खेमकरन निवासी ग्राम उदरा नेवलिया थाना सुरसा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### संडीला में श्रीराम सायं शाखा का होली उत्सव सम्पन्न, बच्चों में दिखा उत्साह



**संडीला/हरदोई।** समदखेड़ा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम सायं शाखा समदखेड़ा, संडीला खण्ड द्वारा होली उत्सव कार्यक्रम आर बी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समाजसेवी रेखा गुरु ने नन्हें-मुन्ने बच्चों को पिचकारी त्यौहारी स्वरूप 200रुपए भी प्रति बच्चे को भेंट किए, जिसे पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर हिन्दू युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, अतुल राय, आलोक अस्थाना (जिला सह. समग्र ग्राम विकास प्रमुख), अधिवक्ता परिषद (आरएसएस) से अरविंद तथा खंड कार्यवाह अखिलेश ने बच्चों को रंग-गुलाल चीनी और उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सह नगर कार्यवाह रजत, खंड कार्यवाह अखिलेश, शाखा कार्यवाह सौर्यम, मुख्य शिक्षक हिमांशु सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता व भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई दी।

### सिद्धेश्वर नाथ बिवियापुर में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित



**भरखनी/हरदोई।** पचदेवरा द्वितीय क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी इंजीनियर मनोज कुमार कठेरिया एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र प्रताप सिंह ने रविवार को क्षेत्र के सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में होली के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में अनंगपुर मंडल के भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को सम्मानित करते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर इंजीनियर मनोज कुमार कठेरिया ने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक पर्व है, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करता है। उन्होंने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। सम्मान समारोह के दौरान होली के पारंपरिक उल्लास और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला तथा उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज मास्टर ने किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रोहिताश सिंह राणा, राज किशोर सिंह लल्ला प्रधान, गुड्डू चौहान प्रधान, अजय सिंह, अजीत सिंह प्रधान हथौड़ा, नरवेश कुमार, सुधीर सिंह, आकाश सिंह, कन्हैया शर्मा, रामू कुशवाहा एवं सभी क्षेत्रीय पत्रकार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### आउटसोर्सिंग फर्मों को अधिशासी अधिकारी ने ब्लैक लिस्टेड किया



**शाहाबाद /हरदोई।** आउटसोर्सिंग. पर लगे सफाई कर्मचारियों ने तनख्वाह सहित कुछ मांगो को लेकर हडताल की थी जिसे वार्ता कर ई.ओ. ने हल करा दिया गया था। इसी बीच ब्लैक लिस्टेड फर्म माननीय न्यायालय से स्टे आर्डर ले आयी और चेयरमैन पति के के दबाव मे उनके खास एकाउंटेंट ने तनख्वाह का बिल नही बनाया। जबकि डी एम के आदेश पर DUDA से सेलरी देनी थी जिसले.सैलरी समय से न मिलने पर पुनः कर्मचारियों ने हडताल कर दी। कर्मचारियों के पुनः हडताल पर जाने और एकाउंटे असद द्वारा निर्देशो का पालन न किए जाने से परेशान श्ह्न बुधबार को हाई डिपरेशन मे चले गये।और पालिका मे बेहोश हो गये थे जिन्हें तत्काल ईलाज हेतु 100 बेड हास्पिटल भर्ती कराया गया। जहां देर रात उनका स्वास्थ्य ठीक हो पाया जिसको मंत्री रजनी ने कर्मचारियों के हित मे होली के त्यौहार के मद्देनजर ष्षड्ड के अधिकारियों को तत्काल तनख्वाह डालने का निर्देश दिया। इधर हडताली कर्मचारियों ने हडताल जारी रख जूलूस निकाल दिया जिसको संज्ञान लेते हुए मंत्री जी ने सफाई युनियन अध्यक्ष संजय बाल्मीकि से वार्ता कर बस्तु स्थिति से अवगत कराया और शाम तक तनख्वाह दिलाने का आश्वासन दिया। होली के त्योहार और मा.मंत्री रजनी तिवारी जी से वार्ता के बाद आज अपनी टीम से वार्ता कर सफाई कर्मचारी युनियन के जिलाध्यक्ष बी.एम.सिंह के हडताल समाप्त की। सफाई कर्मचारियों ने मंत्रीजी पर विश्वास जताते हुए हड़ताल समाप्त कर दोपहर से काम शुरू कर नगर को स्वच्छ बनाना शुरू कर दिया। नगर की प्रमुख सडको पर तेजी से कूड़ा उठाया जा रहा। 4 बजे तक प्रमुख सडको से कूड़ा उठाया जा चुका। इस पूरे प्रकरण मे नगर अध्यक्ष अनिल पान्डेय पिंटू का योगदान सराहनीय रहा जिन्होंने बिना दिखावा किये सफाई कर्मचारियों के बीच समवंय स्थापित कर सैलरी दिलाने और हडताल समाप्त करने तक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

### ईंटों में पत्रकार होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**कुठौंद (जालौन)।** माधौगढ़ तहसील अंतर्गत थाना गोहन क्षेत्र के ग्राम ईंटों में मीडिया टीम ईंटों द्वारा पत्रकार होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील माधौगढ़ क्षेत्र के अनेक पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों के मध्य आपसी समन्वय, एकता और संवाद को सुदृढ़ करना तथा होली पर्व के अवसर पर सौहार्द का संदेश देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी पत्रकारों के परिचय के साथ किया गया। उपस्थित अतिथियों का चंदन लेपन कर स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः पारंपरिक एवं उत्सवी बन गया। वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी, अंजनी सोनी, पवन याज्ञिक, अमन नारायण अवस्थी, राजा द्विवेदी, प्रिंस द्विवेदी एवं श्रीकांत तिवारी ने पत्रकार एकता, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और उसकी एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। बदलते दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता का महत्व और भी बढ़ गया है, ऐसे में आपसी सहयोग और समन्वय आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में ईंटों मीडिया टीम के सदस्यों द्वारा उपस्थित पत्रकारों को प्रतिमा एवं अबीर-गुलाल भेंट कर सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह के संयोजक लवकुश त्रिपाठी लंबरदार ने सभी आगंतुक पत्रकारों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अशोक तिवारी, अनिल पांडे, अविनाश तिवारी, शिवम द्विवेदी, अनिमेष, आशुतोष, राजेंद्र सेंगर, भरत मिश्रा, पवन, वेदप्रकाश, नारायण तिवारी, संतोष कुमार, सौरभ, शाहिद खां, रजनीश, ऋतिक कुमार, मनीष, गोपाल दुबे, पवन मुखिया, नीलकमल, आशीष तिवारी एवं श्रीकांत सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

### बाइक चालक की मौत के बाद लोडर चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**कालपी (जालौन)।** विगत सप्ताह नगर के बाईपास हाईवे तिराहे में मोटर साइकिल सवार युवक की मृत्यु के मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से कालपी कोतवाली में लोडर चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस इस घटना की जांच करने में जुट गई है। उक्त घटना को लेकर कालीचरण पुत्र स्वर्गीय बनवारी हाल निवासी ग्राम हीरापुर थाना कालपी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी का पुत्र नरेश उम्र 18 वर्ष अपने चचेरे भाई संदीप पुत्र शिव शंकर उम्र करीब 19 वर्ष के साथ 22 फरवरी 2026 को अमलतास तिराहे कालपी छोटे सिंह विधायक कोठी के पास रोड के किनारे बाई तरफफुटपाथ पर बाइक खड़ी करके अपने किसी मित्र का इंतजार कर रहा था तभी समय करीब 12.30 बजे दोपहर कानपुर की तरफसे आ रहे लोडर संख्या यूपी 92 टी 7880 के चालक ने उपरोक्त लोडर को बड़ी तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर बिना हॉर्न बजाए अमलतास तिराहे की तरफगलत दिशा में अचानक मोड़कर रोड किनारे खड़े मेरे पुत्र नरेश और भतीजे संदीप को जोरदार टक्कर मार दी जिससे नरेश और संदीप दुर्घटना स्थल पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मेरे पुत्र नरेश की दुर्घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई और घायल संदीप को स्थानीय लोगों व पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाया गया।

# ओम आयुर्वेद कंपनी से 80 कुंतल भांग बरामद

- दो युवकों को किया गिरफ्तार

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली शहर के मोहल्ला सरकुलर रोड पर ओम आयुर्वेद कम्पनी में अबकारी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एक डीसीएम डाला में लदा हुई अवैध भाँग सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

प्राप्त विवरण में 28 फ़रवरी को थाना कोतवाली शहर क्षेत्र अंतर्गत सर्कुलर रोड स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में ओम आयुर्वेदिक कंपनी की फैक्ट्री में आबकारी व कोतवाली शहर पुलिस की टीम द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। संयुक्त टीम ने ओम आयुर्वेदिक कंपनी के मैनेजर अभिषेक कुमार पुत्र जितेंद्र कुमार निवासी जहांगीराबाद थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव और डीसीएम UP40T3384 के चालक करामत पुत्र आसिफ जमा निवासी ग्राम नुखई पुरवा मजरा बिरनावा थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया। आबकारी निरीक्षक व उनके हमराही द्वारा डीसीएम पर लदे बोरे को खोलकर देखा और सूंघकर बताया गया कि यह सूखी भांग है। डीसीएम के पीछे, बगल के बरामदे व कमरे में प्लास्टिक के बोरों में भांग पाई गई। इन बोरो की गिनती करने पर इनकी संख्या 100 पाई गई। डीसीएम में लदे प्लास्टिक के बोरों को उतार कर उनकी गिनती की गई तो कुल 100 बोरे पाए गए। बरामद सभी बोरों का वजन करने पर प्रत्येक बोरे में 40 किलोग्राम भांग मिली। इस प्रकार कुल 200 बोरियों में 80 कुंतल भांग पाई गई। पुलिस ने संगम माधव द्विवेदी कंपनी स्वामी ओम आयुर्वेदिक कंपनी सर्कुलर रोड कोतवाली शहर,अभिषेक कुमार कंपनी प्रबंधक निवासी ग्राम जहांगीराबाद थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी व अभिषेक कुमार पुत्र जितेंद्र कुमार और करामत पुत्र आसिफ के विरुद्ध भी अभियोग पंजीकृत किए गए है। थाना कोतवाली शहर के प्रभारी संजय त्यागी, आबकारी प्रभारी जिलाजीत सिंह और स्वाट सर्विलांस के प्रभारी राजेश सिंह, अब्दुल जब्बार और पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभिषेक कुमार पुत्र जितेंद्र कुमार निवासी जहांगीराबाद थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव और करामत पुत्र आसिफ जमा निवासी ग्राम नुखई पुरवा मजरा बिरनावा थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली 200 बोरी में 80 कुंतल अवैध भांग, एक अदद डीसीएम (डाला) व 23000 नगद सहित गिरफ्तार किया गया।

### होली का हरदोई से पौराणिक नाताः शिवम द्विवेदी



**हरदोई।** प्रहलाद की नगरी में इन दिनों त्योहार की चौतरफा धूम है। होली के रंग बिखर रहे है हर ओर खुशनुमा माहौल है। प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने बताया कि हरदोई जिले का होली से गहरा नाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यहीं पर भक्त प्रहलाद को गोद में लेकर उसकी बुआ होलिका ने अग्नि में प्रवेश किया था। इस प्रकार प्रहलाद कुण्ड होली पर्व को एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान देता है। यह परंपरा केवल उत्सव नहीं, बल्कि उस विश्वास की निरंतरता है जिसमें सत्य और भक्ति की विजय को युगों-युगों तक स्मरण किया जाता है। यहां हर साल हजारों की तादात में भक्त दर्शन को आते है। होली के दिन भी भक्त मंदिर परिसर में जाकर पूजा-अर्चना करते है।

## होली के बहाने हिंदू एकजुटता को फिर याद किए जायेंगे बाबा चन्द्रसेन

- हरदोई की सबसे बड़ी, सबसे पुरानी और एक मात्र जीवित पूजे जाने वाली होलिका दहन
- जीवित होलिका का पूजन दो मार्च सुबह 10 बजे से, होलिका दहन तीन मार्च रात्रि 9 बजे

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



हरियाणा के रहने वाले बाबा चन्द्रसेन जिन्होंने न केवल हरदोई की पौराणिक होलिका दहन परंपरा को परिचालित किया, बल्कि अंग्रेजों के शासन काल में उस परम्परा के बहाने हिन्दुओं को एकजुट करने का ऐतिहासिक काम किया। भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई की सबसे पुरानी सबसे भव्य होलिका दहन के दिन बाबा चन्द्रसेन को हरदोई का हर कोई याद करता है ।

पुराने बुजुर्ग बताते हैं कि हरियाणा के नारनौल जिले में रहने वाले बाबा चन्द्रसेन किसी काम से हरियाणा से बिहार जा रहे थे। हरदोई में ठहराव के दौरान बाबा चन्द्रसेन को हरदोई की आबोहवा ऐसी रास आई कि वे यहीं के होकर रह गए।उन्होंने अपना घर भी यहीं बसा लिया ।

भक्त प्रहलाद के नाम से हरदोई का नाम पूरे विश्व विख्यात तो है ही, लेकिन जब बाबा चन्द्रसेन को हरदोई आकर पता चला कि यहां कहीं भी होलिका का नाम तक नहीं है। तब उन्होंने पंडितों और पुरोहितों से उस स्थान की खोज करवाई। पंडितों ने काफी ग्रंथों की खोज की तब उन्हें विष्णु पुराण में जिस भौगोलिक परिदृश्य का वर्णन प्राप्त हुआ, उसी स्थान पर उन्होंने होलिका दहन की परंपरा को पूरे विधि विधान से पुनर्जीवित किया। प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल ने भी अपने हरदोई भजन कार्यक्रम के दौरान इस बात का जिक्र किया था कि ÷श्याम का मंदिर है वहाँ, जहाँ पहली होली थी जली÷ और श्याम उसी जगह पर आए जहाँ ब्रमांड का पहला होलिका दहन हुआ था।

होलिकोत्सव के दिन सुबह से ही बाबू दुलीचंद्र चौराहे पर मारवाड़ी समाज की महिलाएं उपवास रख कर पूरे विधि विधान से गाय के गोबर के बड़कुले (उपलों) और कच्चा सूत जिसे कुकड़ी कहा जाता है, से जीवित होलिका माता की पूजा कर अपने परिवार की लम्बी उम्र की प्रार्थना करती है कि होलिका माता जिस तरह अपने बालक प्रहलाद की रक्षा की थी उसी तरह इन बच्चों की भी रक्षा करना। इस पूजा के पीछे ये मान्यता रही है की होलिका ने स्वय अपनी अग्नि में न जलने वाली चुनरी वरदान प्राप्त चुनरी अपने भतीजे प्रह्लाद को उढ़ाकर उसकी रक्षा की थी इसीलिए यहाँ होलिका को माँ का दर्जा देकर जीवित रूप में उन्हें चुनरी व वस्त्र अर्पित कर भोग चढ़ाया जाता है। अंग्रेजी शासनकाल में नई पूजा परंपरा प्रारम्भ करना आसान नहीं था। तब बाबा चन्द्रसेन ने बड़ी चतुराई से उच्च अधिकारियों को समझा बुझा कर इस परम्परा की न केवल शुरुआत की वरन उस समय हिन्दुओं को एकजुट होने का एक नायाब तरीका दे दिया। यही कारण है की यहां होलिका दहन के तुरंत पश्चात सर्व समाज के सभी लोग एक दूसरे के गले मिलते हैं और बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लेते है। बाबा चंद्रसेन परिवार के वरिष्ठ सदस्य अचल अग्रवाल व सोमेंद्र अग्रवाल ने 173 वें होलिकोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार होलिका दहन 03 मार्च 2024 रात्रि 9.00 बजे होली पुजारी के सरंक्षण में समाज के हर वर्ग की उपस्थिति में पूरे विधि विधान से सम्पन्न होगा जिसमे होलिका माता की पूजा कर हलवे पूरी का भोग लगाया जाएगा।होलिका पूजा का ये सिलसिला अगले दिन होली के रंग चलने तक अनवरत जारी रहेगा। महिलाओं द्वारा जीवित होलिका माता पूजन 02 मार्च को सुबह 10 बजे से देर शाम तक चलेगा।

## मलकापुर डकैती के दो वांछित इनामिया पुलिस मुठभेड़ में हुए घायल

- एएसपी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पचीस पचीस हजार के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली छेत्र के मोहल्ला मलकापुर मे पड़ी डकैती के वांछित चल रहे पचीस पचीस हज़ार रूपए के तीन इनामिया आरोपियों को पुलिस रविवार भोर मे मुठभेड़ मे घायल कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली से दो वांछित घायल हुए हैं। मुठभेड़ अपराधियों की ओर से हुई फायरिंग मे दो कांस्टेबल भी घायल हुए हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने नगदी और तमंचे बरामद किये हैं। प्राप्त विवरण मे 10 फरवरी को सुबह करीब 3 बजे ग्राम मलकापुर में अनीस खां पुत्र नसीर खां के घर में 04-05 अज्ञात व्यक्ति घुस गए तथा उन्हें बंधक बनाकर घर में रखे 30 हजार रुपए नगदी व आभूषण ले गए। सूचना पर पुलिस व उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।अनीस खां की तहरीर पर डकैती का मुकदमा लिखा गया। आई जी जोन और पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के सफल एवं शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सर्किल शाहाबाद के निर्देशन में टीमों का गठन कर लगाया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा उक्त घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 25000-25000 रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी।मुखबिर की सूचना पर निर्माणाधीन बाईपास के पास बाग मे पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मौजूद बदमाशों की घेराबंदी की गयी।बाग में मौजूद व्यक्तियों द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें यादराम उर्फ यादा पुत्र माखन लाल और धर्मेन्द्र गिरी पुत्र हरपाल गिरी निवासीगण नौगमा पकडिया थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गए तथा समोल मण्डल पुत्र उपेन मण्डल निवासी भरतपुर थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत को भी मौके से गिरफ्तार किया गया।उनके कब्जे से 17520 रुपये नगद, व 3 तमंचे 315 बोर, 5 कारतूस एवं 5 खोखा बरामद किये गए।मुठभेड़ में कां. मंगेश व कां. मनोज भी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी व अभियुक्तों को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। गिरफ्तार यादराम पर पीलीभीत जनपद के विभिन्न थानों में बाइस मुकदमे दर्ज हैं। एएसपी/सीओ सर्किल शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया मलकापुर में अनीस खा के यहाँ पड़ी डकैती के मामले में पचीस पचीस हजार के इनामी तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है उनमे से दो अपराधी मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुए हैं जिन्हे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में शाहाबाद कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय, नि. उदय भान यादव, उ.नि. राजेश कुमार चौधरी, मो. अमजद, अरविन्द कुमार यादव, सोमल राम पासवान, हरदीप यादव,अतुल कुमार गुप्ता, हे.का. लोकेश भट्ट, जंगबहादुर, रामआसरे, कां. सम्राट, नागेन्द्र कुमार, प्रेमसिंह, फुलकुवँर, स्वाट/सर्विलांस व एसओजी के प्रभारी उ.नि. राजेश कुमार, अब्दुल जब्बार और उनकी टीम शामिल रहे।

### हुड़दंगियों से सख्ती से निपटेगी पुलिस-एएसपी

- एएसपी ने एसडीएम और पुलिस बल के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो का किया भ्रमण

**शाहाबाद हरदोई।** कस्बे में होली और रमजान को देखते हुए एडिशनल एसपी आलोक राज नारायण और उपजिलाधिकारी अंकित तिवारी ने भारी पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी श्री नारायण ने कहा होली के त्यौहार पर हुड़दंग मचाने वाले अराजक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटना जानती है इसलिए सभी लोग प्रेम से त्यौहार मनाएं। एसडीएम अंकित तिवारी ने कहा पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन किया जाए चुंकि रमजान माह भी चल रहा इसलिए रंग वाले दिन सभी लोग एहतियात बरतें और प्रेम से त्यौहार मनाएं। फ्लैग मार्च कर प्रशासन ने जनमानस को सुरक्षा का एहसास करवाया।

## दुष्कर्म का नामजद आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरदोई।** बिलग्राम पुलिस ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्राप्त विवरण में 23 जनवरी को पीड़िता द्वारा थाना बिलग्राम पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त देवेश कुमार सिंह पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम निकरा थाना कांट जनपद शाहजहांपुर द्वारा उसके साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना बिलग्राम पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। थाना बिलग्राम के एस आई हाकिम सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त देवेश कुमार सिंह पुत्र वीरपाल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



## ज्ञान ज्योति स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक युवराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, देव भक्ति, नुक्कड़ नाटक सहित अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों और नृत्यों ने जहां दर्शकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की, वहीं देव भक्ति से जुड़े कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चो ने सामाजिक कुरीतियों और जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और मंचीय कौशल का विकास होता है। अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल श्रवण सिंह गौर ने मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रबंधक दलजीत सिंह गौर, विहिप जिलाध्यक्ष रामदत्त पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह लाला, युग चेतना महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अनिल पांडेय सहित शिक्षक,छात्र छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका मंजीता अहिरवार ने किया।

## थाने में तैनात एस आई ने ड्यूटी के दौरान बनाई रील

- कस्बे के एक महिला की आईडी से हुआ वायरल



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाने में तैनात एक दरोगा ड्यूटी के दौरान बाग में एक महिला के साथ रील बनाते हुए नजर आया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया में महिला की आईडी से वायरल किया गया है। वायरल वीडियो की पुष्टिअखबार नहीं करता है थाने में एस आई संजय राय की तैनाती है। यह कस्बे में बांकी मार्ग आदि क्षेत्र को देखते हैं। रविवार को ड्यूटी के दौरान यह कस्बे के एक बाग में जाकर वीडियो बनाते हुए नजर आए। वीडियो को कस्बे की एक महिला की आईडी से वायरल किया गया है। जिस पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। एस आई संजय राज ने बताया कि यह वीडियो कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल के एक बाग का है। वीडियो किसने वायरल किया इसकी जानकारी नहीं है।

### जीआरपी चौकी प्रभारी ने रेलवे स्टेशनों पर चलाया चेकिंग अभियान

**कालपी (जालौन)।** आगामी होली पर्व में भीड़भाड़ को मद्देनजर रखते हुये रेलवे पुलिस के द्वारा सतर्कता तेज कर दी गई है। रविवार को कालपी से होकर गुजरने वाली ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों में कालपी जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह की संयुक्त टीम के द्वारा चेकिंग की गई। तथा संदिग्ध लोगों की तलाशी अभियान चलाया गया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी बिपुल श्रीवास्तव के निर्देशन के अनुरूप जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, मेहरबान सिंह, अशोक कुमार की टीम ने होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये इलाकाई रेलवे पुलिस बल के साथ आरपीएफजवानों ने समन्वय स्थापित कर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 1 तथा 2 में एवं वेटिंग हॉल, बुकिंग हॉल, टिकट घर, सर्कुलेटिंग एरिया, आउटर आदि स्थानों में तथा आने जाने वाली ट्रेनों में अपराध के रोकथाम एवं पुलिस की सक्रियता एवं यात्रियों के बीच सुरक्षा का मजबूत विश्वास पैदा करने हेतु आपराधिक तत्वों की सघन चेकिंग व ट्रेनों में लगे स्कोर्ट कर्मियो की चेकिंग की गई। तथा रेलवे स्टेशनों कालपी व उसरगांव में गस्त व भ्रमण किया गया। तथा यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया कि किसी भी अनजान या संदिग्ध वस्तु को छूना नही है तुरन्त जीआरपी व आरपीएफके जवानों को सूचना देनी है। जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह ने बताया कि जीआरपी के जवानों के द्वारा कालपी रेलवे स्टेशन में ठहराव करने वाली, झांसी कानपुर के बीच चलने वाली अप व डाउन मेमो ट्रेनों कुशीनगर एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस आदि ट्रेनों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उसरगांव, आटा तथा सरसौखी रेलवे स्टेशनों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

### जल संरक्षण को लेकर लोगों को किया जागरूक



**कुलपहाड़, महोबा।** युवक मंगल दल द्वारा ग्राम पंचायत सुगिरा में जल संरक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों को जीवन में जल के महत्व के बारे में बताया गया। गांव में स्लोगन लिखे पट्टियां लेकर रैली निकाली गई। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के अंतर्गत युवक मंगल दल के लोग समाज में फैल रही कुरीतियों के खिलाफ लगातार सक्रिय है। जल की कम उपलब्धता के बाबजूद जल के सही उपयोग को लेकर लोगों को जागरूक करने का अभियान मंगल दल चला रहा है। उसी के तहत युवा मंगल दल महोबा जिले के अध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में ग्राम सुगिरा में जल बचाओ अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक किया गया और गांव में एक रैली निकाली गई।

## एसपी ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ देकर दी भावुक विदाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उप्र पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मीः** उ.नि.स.पु. तेज सिंह मुख्य आरक्षी सपु. देव सिंह मुख्य आरक्षी चालक प्रभाकान्त शुक्ल विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध/साइबर गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, जनपदीय पुलिस के अधि./कर्म.गण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारीजन उपस्थित रहे और सभी के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को ससम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

# धूमधाम से मनाई गई संत गाडगे की जयन्ती

- सन्त हमारे पथ प्रदर्शक और हमारे आराध्य हैं : अंगद कुमार सिंह



**बाराबंकी।** संत गाडगे सेवा समिति एवं अखिल भारतीय धोबी महासंघ के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के सभागार में राष्ट्र संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने संबोधित किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर हरिशचंद्रा, अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कनौजिया, सेवानिवृत्ति चिकित्सा अधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी एवं मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी रत्नेश कुमार, डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति के महासचिव राम औतार ने सभा को संबोधित किया। सबसे पहले महापुरुषों- राष्ट्र संत गाडगे जी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर दीपांजलि और पुष्पांजलि की गई तथा बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि हमारे संत सिर्फ संत ही नहीं बल्कि समाज के प्रदर्शक और हमारे आराध्य भगवान हैं। संत गाडगे का स्वच्छता सन्देश देश की सरकार का मुख्य ध्येय है। सन्त गाडगे ने अनेको शिक्षण संस्थाएं खोलकर समाज को शिक्षित करने का जो कार्य किया है, उसे आगे बढाने का दायित्व हम सभी को निर्वहन करना चाहिए। मुख्य वक्ता रत्नेश कुमार ने कहा कि सन्त गाडगे जी कोई औपचारिक शिक्षा नही प्राप्त कर पाए, कोई धन संपदा नही थी फिर भी दृढ़ संकल्प से उन्होंने सौ से अधिक शिक्षण संस्थाए संचालित किया, वे डॉ अम्बेडकर के संघर्षो उनके विचारों से प्रभावित ही नही बल्कि उन्हें सलाह देते थे। आज समाज में शिक्षा का स्तर बढा है फिर भी उनके आदर्शो पर चलकर उनके अनुयायी शिक्षण संस्थाएं नही संचालित कर पा रहे हैं। यह विचारणीय प्रश्न है। रत्नेश कुमार ने आगे कहा कि आज समस्या यह है कि समाज का हर क्रांतिकारी अपने को सबसे बड़ा क्रांतिकारी और दूसरे को तुच्छ क्रांतिकारी समझता है अनुसूचित जातियों की यह छोटी सी बौद्धिक जमात आपस में ही एक दूसरे से बड़ा सिद्धांतवादी और क्रांतिकारी साबित करने में लगा हुआ है। मैं ऐसे लोगों से कहना चाहता हूँ कि जनाब जिस दिन आप कार्यकर्ता बनकर लोगो के लिए दरी बिछाना शुरू कर देंगे स्थितिया जरूर बदलेंगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर हरिशचंद्रा ने संविधान निर्माण के उन पहलुओं को विस्तार से रखा जिसमें समता , समानता एवं बंधुत्व के लिए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संघर्ष किया था।

## होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक : सुनील सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने क्षेत्र वासियों को रंगों के महापर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का हिस्सा है जो हर भेद-भाव को मिटाकर सबको एक सूत्र में पिरो देती है। इस दिन अमीर-गरीब, ऊंच-नीच, जाति-धर्म का कोई भेद नहीं रहता और सब एक साथ उत्सव मनाते हैं।



यही भारत की विविधता में एकता की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि हमें इस भावना को केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन में भी उतारना चाहिए। पूर्व ब्लाक प्रमुख ने आगे कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने सभी से मिलजुलकर पर्व मनाने और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने होलिका दहन के पौराणिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, यह बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। प्रह्लाद और होलिका की कथा हमें यह सिखाती है कि सत्य, आस्था और धर्म के मार्ग पर चलने वाले की हमेशा जीत होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे समाज में सकारात्मकता, प्रेम और सद्भावना का संदेश फैलाएं और किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से दूर रहें।

## युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर दर्ज कराया मुकदमा

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवारा मे एक युवती ने गाँव के ही एक युवक पर आरोप लगाया है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया और अश्लील फोटो खींच ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरु कर दी है। थाने मे दी गयी तहरीर मे चंदवारा निवासी एक युवती ने गाँव के ही छोटेलाल पुत्र महादेव से दो वर्ष से बातचीत होती थी इसी दौरान छोटेलाल ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा तीन माह पूर्व जब युवती ने युवक से शादी का दबाव बनाया तो युवक ने कहा कि तुम्हारे बीमारी है शादी नहीं करेंगे और जैसे चल रहा है वैसे ही चलने दो जिसपर युवती युवक से मिलना जुलना बंद कर दिया।

## अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की जनपद इकाई की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**रायबरेली।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई की मासिक बैठक का हुआ आयोजन बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई गौरतलब हो कि रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल सेवा संस्थान सुल्तानपुर रोड रायबरेली में कुर्मी क्षत्रिय महासभा इकाई रायबरेली के जिला महासचिव एडवोकेट दुर्गेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुई इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों ने समाज के गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के शैक्षणिक कार्य के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराने उन्हें अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलाने के साथ ही संगठन के विस्तार के लिए गांव गांव जाकर जनसंपर्क करने , संगठन से समाज के लोगों को जोड़ने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की बैठक के दौरान ही जिला अध्यक्ष जयकरण वर्मा ने आगामी होली पर्व के उपरांत एक वृहद सामाजिक होली मिलन समारोह के आयोजन के बारे में भी सुझाव दिया जिस पर मौजूद सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई आयोजित बैठक में कोषाध्यक्ष सुशील पटेल ,देवेश सिंह पटेल, अमरपाल चौधरी ,धर्मराज पटेल, अमन पटेल, रमाकांत पटेल ,आनंद वर्मा सहित समाज के लोग मौजूद रहे।



# डलमऊ : जहाँ होली के दिन मनाया जाता है शोक

- डलमऊ के 28 गांवों में 3 दिन शोक के बाद खेली जाएगी होली
- सैकड़ो वर्ष पुरानी परंपरा को आज भी निभाते हैं डलमऊ वासी

**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।** लगभग 600 वर्षो की परंपरा का निर्वहन करते हुए डलमऊ वासी अपने राजा की याद में 3 दिन शोक के बाद होली का त्यौहार मनाएंगे मालूम हो कि होली के दिन जौनपुर के धूर्त शासक शेरशाह शर्की ने युद्ध के नियमों को ताख पर रखकर डलमऊ पर कब्जा करने की नीयत से होली के दिन हमला बोल दिया था होली के दिन राजा डलदेव अपनी प्रजा एवं सैनिकों के साथ भांग और ठंडाई की मस्ती में मस्त रहने के चलते अचानक हुए धुरतापूर्ण हमले से राजा डलदेव संभल नहीं पाए और कायरतापूर्ण हमले में दुश्मनों का वीरता पूर्वक सामना करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए तब से लेकर आज तक



डलमऊ क्षेत्र के लोग अपने राजा की याद में 3 शौक के बाद होली का पर्व मनाते हैं डलमऊ क्षेत्र वासी अपने राजा की याद में सैकड़ो वर्ष पुरानी परंपरा का निर्वहन आज भी करते आ रहे हैं जिसके चलते डलमऊ क्षेत्र के 28 पुरवा सहित लगभग 56 गांव में होली 3 दिन शौक के बाद मनाई जाती है।

**तीन दिनों का शोक रख राजा को देते हैं सच्ची श्रद्धांजलि**

पूरा देश जहां होली के दिन खुशियां मना रहा होता है और आसमान में रंगों के बादल छाए होते हैं वही उत्तर प्रदेश के रायबरेली जनपद में एक जगह ऐसी भी है जहाँ होली के दिन गमों के बादल छाए रहते हैं रायबरेली जनपद के दक्षिणी छोर पर गंगा नदी के तट पर स्थित प्राचीन ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी डलमऊ सहित 28 गांवों में होली का पर्व नहीं मनाया जाता है यहां के लोग होली की निधर्धारित तिथि के तीन दिन बाद पढ़ने वाले प्रथम सोमवार बुधवार या शुक्रवार को होली का जश्न मानते है यहाँ के लोग अपने प्रतापी राजा डलदेव की मृत्यु का शोक मनाते हैं जो होली के दिन वीरगति को प्राप्त हुए थे अतीत में डलमऊ बहुत ही समृद्ध और वैभवशाली नगर हुआ करता था उस समय डलमऊ व्यापारिक रूप से समृद्ध नगर था जहां दूर दराज से लोग नावों से व्यापार करने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों से आते थे वैभवशाली डलमऊ की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थी इसी वजह से अन्य राजा डलमऊ की सम्पत्रता से अत्यधिक ईण्या का भाव रखते थे किन्तु वो सभी राजा डलदेव से टक्कर लेने में सक्षम नही थे क्योंकि डलमऊ की प्रजा यहां की आन-बान-शान के लिए अपने प्राण हमेशा हथेली पर रखती थी। डलमऊ की भव्यता से कुढ़ने वाले तो अनेक राजा थे पर जौनपुर का धूर्त राजा इब्राहीम शाह शर्की राजा डलदेव और डलमऊ से कुछ ज्यादा ही शत्रुता का भाव रखता था पर वह राजा डलदेव एवं डलमऊ की ताकत को भली भांति जानता था इसलिए वह सीधे युद्ध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था ऐसे में उसने एक कुटिल षड्यंत्र रच डाला पूरे साम्राज्य को पता था पता था की राजा डलदेव होली के दिन अपनी प्रजा के साथ ठंडाई व भांग के नशे में धुत रहते हुए होली के त्योहार में सराबोर रहते हैं। इसका फायदा उठाने के लिए भूर्त इब्राहीम शाह शर्की ने सोचा कि होली के दिन डलमऊ पर चोरी छिपे हमला कर दिया जाये तो राजा डलदेव और उनकी प्रजा को परास्त किया जा सकता है। धूर्त इवाहीम शाह शकी ने होली के दिन जब डलमऊ बासी अपने राजा के साथ होली के दिन ठंडाई व भांग के साथ रंगों में सराबोर थे तो उसी समय युद्ध की परम्पराओ को ताख पर रखकर डलमऊ पर हमला कर दिया अचानक हुए हमले से राजा उलदेव उनके सैनिक और डलमऊ की प्रजा घबरा गई फिर भी राजा डलदेव एवं उनके वीरों ने धूर्त इवाहीम शाह शर्की की सेना से बहादुरी पूर्वक संघर्ष कियाबलेकिन डलमऊ पर हुए धूर्तता एवं कायरतापूर्ण हुए हमले के लिए ना तो राजा डलदेव तैयार थे न उनकी सेना और न ही डलमऊ के बाशिंदे अचानक हुए हमले में बहुत से सैनिक और बाशिंदे शहीद हुए और अन्ततः राजा डलदेव भी वीरतापूर्वक लड़ते हुए बीरगति को प्राप्त हुए जनश्रुतियों के अनुसार राजा हलदेव का सर कट जाने के बाद भी वो लड़ते रहे और दुश्मनों को मौत के घाट उतारा।

## खबरें एक नजर में

### रंगों के त्योहार में होली की टी-शर्ट पाकर चहके नौनिहाल

**लालगंज, रायबरेली।** कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर में उषा एजुकेशनल सोसायटी द्वारा विद्यालय के प्राथमिक विंग के बच्चों को होली की शर्ट व रंग वितरित किया गया द्य उषा देवी एजुकेशनल सोसाइटी के प्रबंध निदेशक योगेंद्र त्रिवेदी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह रंगों का त्योहार खुशियों का संसार होता है, इस दिन हम आपस में सभी मतभेद भूल कर एक दूसरे को गले लगाते हैं, उन्होंने बच्चों को खूब पढ़ने की सलाह दी ,इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए मिथिलेश कुमारी प्रधानाध्यापिका द्वारा बच्चों को संदेश दिया गया कि केमिकल युक्त रंगों से दूर रहेंगे, व अबीर गुलाल से होली मनाएंगे 7 इस अवसर पर चित्रकार गब्बर सिंह व नितिन शर्मा एडवोकेट ने बच्चों को होली की बधाई दी, और कहा कि यह एकता का प्रतीक हमें आपस में मिल जुल कर मानना चाहिए, इस अवसर पर बच्चों ने खूब एक दूसरे को रंग लगाया वह जमकर धमाल मचाया विद्यालय में होली पर चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय परिवार के अनूप सिंह, विवेक कुमार अंकिता, पूनम सिंह ,पुष्पांजलि पांडे सोनिका, शिवदेवी, स्वाती आदि उपस्थित रहे।



## भीमी में शुरू हुआ श्रामणेर व बौद्धाचार्य प्रशिक्षण शिविर



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** डॉ बीआर अम्बेडकर मेमोरियल स्कूल भीमी में दस दिवसीय श्रामणेर और बौद्धाचार्य प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई है। प्रशिक्षण शिविर में लगभग तीन दर्जन प्रशिक्षु शामिल हुए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारम्परिक बौद्ध रीति त्रिशरण पंचशील ग्रहण पूर्वक बुद्ध पूजा वंदना के साथ हुई। भंते गण ने यह कार्य सम्पादित कराया। इस अवसर पर बौद्ध धर्म गुरु भंते शांति मित्र भंते धम्म दीप अध्यक्ष सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली सोइया भंते शीलमित्र कोषाध्यक्ष सिरमौर बुद्ध विहार गंगौली सोइया, और भिक्षुणी सुमेत्ता के साथ ही वरिष्ठ बौद्ध उपासक राम अभिलाष बौद्ध रामसमुझ बौद्ध रामफल फौजी गुरुप्रसाद बौद्धाचार्य कन्धई राम बौद्धाचार्य श्याम लाल भारती गुरुदीन बौद्ध धर्मेंद्र बौद्ध अम्बेडकर कल्याण समिति अध्यक्ष नीरज बौद्ध जियालाल बौद्ध नुवावां केपी सविता बौद्ध गौरीगंज आदि लोग रहे।

## त्यौहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसपी ने की गोष्ठी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष के साथ आगामी त्यौहार होली, रमजान, अलविदा की नमाज एवं ईद को सकुशल सम्पन्न कराने की तैयारियों के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के अन्तर्गत त्यौहारों के दृष्टिगत सर्तक दृष्टि बनाये रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व अवैध कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन पर रोक लगाने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी गण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।



## वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा का निधन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के वरिष्ठ कद्दावर नेता योगेंद्र मिश्रा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। लंबे समय से चल रही उनकी अस्वस्थता के बीच पिछले दिनों से इलाज चल रहा था और अंततः उन्होंने इस दुनिया से विदा ले ली। योगेंद्र मिश्रा अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व में जिला अध्यक्ष थे और पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनका स्वास्थ्य कुछ समय से खराब चल रहा था और इलाज के दौरान निधन हुआ। सांसद किशोरी लाल शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं में उनके निधन से गहरा शोक है, और पार्टी में शोक की लहर है।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी रामगढ़ ग्राम पंचायत से भुगतान, डीपीआरओ की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल




**सीतापुर।** सीतापुर जनपद में जिला पंचायत राज विभाग एक बार फिर विवादों के घेरे में है। विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ से जुड़े प्रकरण में आरोप है कि उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भुगतान जारी कर दिए गए। इस पूरे मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) निरीश चंद्र साहू की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

बताया जा रहा है कि 19 मई 2025 को उच्च न्यायालय द्वारा एक आदेश जारी किया गया था, जिसमें ग्राम पंचायत रामगढ़ के प्रधान के कार्य बहाल करने का निर्देश दिया गया था। आरोप है कि इसके बावजूद 26 मई 2025 को ग्राम पंचायत रामगढ़ से विभिन्न फर्मों के नाम पर भुगतान स्वीकृत कर दिया गया।

**सूत्रों के अनुसार जिन फर्मो को भुगतान दर्शाया गया, उनमें –**

श्री श्याम कंस्ट्रक्शन कंपनी को 26/05/2025 को क्रमशः 14,630, 14,630, ?50,688, 19,187, 19,942 तथा 1,07,250 आस्था बिजनेस सेंटर को 12,500 कुल मिलाकर लगभग ढाई लाख रुपये के आसपास भुगतान होने की बात सामने आ रही है। **आदेश की अवहेलना का आरोप**

ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जब उच्च न्यायालय का आदेश 19 मई को जारी हो चुका था, तब 26 मई को भुगतान कैसे और किन परिस्थितियों में स्वीकृत हुआ? यदि आदेश प्रभावी था, तो क्या भुगतान प्रक्रिया पर रोक नहीं लगनी चाहिए थी? इस प्रकरण को लेकर यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि क्या संबंधित विभागीय अधिकारियों ने न्यायालय के आदेश का समुचित अनुपालन सुनिश्चित किया या नहीं। **डीपीआरओ की भूमिका पर प्रश्न**

आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि डीपीआरओ स्तर से इस भुगतान प्रक्रिया को संरक्षण दिया गया। हालांकि, आधिकारिक रूप से इस संबंध में विभाग की ओर से कोई विस्तृत स्पष्टीकरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। **जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग**

मामले को लेकर अब आम नागरिकों और ग्रामीणों की निगाहें सीतापुर के जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर पर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि उच्च न्यायालय के आदेश की अनदेखी हुई है, तो यह गंभीर प्रशासनिक विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। ग्रामीणों का विश्वास है कि जिला प्रशासन पूरे मामले की पारदर्शी जांच कराएगा और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या आदेश की अवहेलना पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

निष्पक्ष जांच की जरूरत कानूनी मामलों में न्यायालय के आदेश सर्वोपरि होते हैं। ऐसे में यदि आदेश के बाद भी वित्तीय लेन-देन हुआ है, तो यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि भुगतान किन नियमों के तहत और किस प्राधिकारी की अनुमति से हुआ।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी

पत्रांक : 1243/न0पा0प0जायस/सीवरेज एवं जल निकासी/2025-26 दिनांक: 27/02/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 में नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक : 28.02.2026 से 20.03.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक : 20.03.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदाऐं खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरुप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | विवरण | | प्रारंभ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Relese | | 28.02.2026 | - |
| 2. | | Tender Download | 28.02.2026, 02:00 PM | |
| 3. | | Bid Submission | 28.02.2026, 02:00 PM | 20.03.2026, 02:00 PM |
| 4. | Bid Opening | | 20.03.2026, 04:00 PM | 20.03.2026, 02:00 PM |

**"कार्य-विवरण"**

| क्र0 सं0 | कार्य/स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (GST सहित) | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद जायस के अन्तर्गत वार्ड नं0 3 में लेबर मण्डी से वार्ड नं0 10 में चाँद लॉन तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 6698000.00 | 669800.00 | 11,900.00 | 3 माह |
| 2. | नगर पालिका परिषद जायस के अन्तर्गत वार्ड नं0 07 के मौलवी खुर्द में हरिश्चन्द्र के मकान से नन्द कुमार के दुकान तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 6232000.00 | 623200.00 | 11,100.00 | 3 माह |
| 3. | नगर पालिका परिषद जायस के अन्तर्गत वार्ड नं0 05 में पदुमलाल मुर्गी फार्म से रामकमल के घर तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 2348000.00 | 234800.00 | 4200.00 | 3 माह |
| 4. | नगर पालिका परिषद जायस के अन्तर्गत वार्ड नं0 12 में पकरी में हौसिला के मकान से पीताम्बर के दुकान तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 6232000.00 | 623200.00 | 11,100.00 | 3 माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जायस
जनपद-अमेठी

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जायस
जनपद-अमेठी


## सीडीओ ने ब्लैक महमूदाबाद की ग्राम पंचायत केदारपुर का किया निरीक्षण, गंदगी मिलने पर दिखाई नाराजगी

- सचिव एवं पंचायत सहायक अनुपस्थित मिले, संबंधित अधिकारी को कार्यवाही के दिए करें निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** मुख्य विकास अधिकारी विकास खण्ड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत केदारपुर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम केदारपुर स्थित पंचायत भवन परिसर में भारी गंदगी पाई गई। सचिव एवं पंचायत सहायक अनुपस्थित मिले, जिस पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पंचायत भवन का शौचालय जर्जर एवं अक्रियाशील पाया गया तथा भवन की दीवारों का प्लास्टर भी टूटा मिला, जिसके सुधार हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में केदारपुर स्थित आर0आर0 सेन्टर निरीक्षण में अक्रियाशील पाया गया। ए0डीओ0 पंचायत द्वारा अवगत कराया गया कि ई-रिक्शा अभी तक क्रय नहीं हो पाया है, जिसके कारण संचालन प्रारम्भ नहीं हो सका। इस पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त ग्राम धन्नीपुरवा के पंचायत भवन और परिसर में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (39 केन्द्र) कलुवापुर निरीक्षण के दौरान बंद पाया गया तथा मुख्य द्वार पर ताला लगा मिला। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया गया कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार सुनिश्चित किया जाए।



## विकास खण्ड पिसावां में ग्राम पंचायत सीपतपुर में निकल रहे फर्जी तरीके से भुगतान

**सीतापुर।** की विकास खण्ड पिसांवा में तैनात सचिव ओम प्रकाश के द्वारा ग्राम पंचायत भिठौरा में वित्तीय वर्ष 2024 25 में के 15वें और 5वे से जमकर भ्रष्टाचार किया गया है जहां सरकार ग्राम पंचायत में विकास कार्य को लेकर ज्यादा सक्रिय है वहीं सचिन अपनी मनमानी करते हुए नजर आ रहे हैं सचिन की मनमानी के आगे सरकार और प्रशासन भी फेल है सचिन के द्वारा एक ही व्यक्ति पर मजदूरी और पदार्थ का भुगतान लगाकर सरकार धन का दुरुपयोग कर रहे हैं जिससे स्पष्ट हो रहा है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए पैसा आ रहा है परंतु सचिव अपनी मनमानी करते हुए सरकारी धन का उपयोग कर रहे हैं और आपस में बंटर बाट किया जाए।

# सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में दी जाएगी जिम्मेदारी

- भाकियू (भानू) की महत्वपूर्ण बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** भाकियू (भानू) कानपुर मंडल की महा पंचायत नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में हुई। इस बैठक में किसान संगठन के भविष्य और सक्रियता को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

बैठक में एटा के अवागढ़ में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत एवं होली मिलन समारोह में भाग लेने का निर्णय हुआ। कन्नौज जिले से एक मजबूत प्रतिनिधि मंडल इस कार्यक्रम में शामिल होगा, ताकि किसानों की एकजुटता और होली के अवसर पर आपसी भाईचारे को बढ़ावा दिया जा सके। एक अन्य बड़े फैसले में यूनियन ने उन पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया, जो लंबे समय से पदों पर बने हुए थे, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्य नहीं कर रहे थे। संगठन ने स्पष्ट किया कि अब केवल सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे यूनियन की कार्यशैली में नई ऊर्जा आएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि होली के बाद जनपद कन्नौज में भाकियू की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की तिथि और प्रतिनिधि मंडल का चयन जल्द घोषित किया जाएगा। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर गहन चिंतन होगा तथा सरकारी विभागों में चल रही धांधलीके खिलाफ प्रभावी रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, राष्ट्रीय सचिव आरपी ठाकुर, कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत, उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, कन्नौज जिला प्रभारी विनय गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार राठौर उर्फ चिंटू, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैजान खान, मजदूर मोर्चा जिलाध्यक्ष अरशद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रेम व सौहार्द से मनाएं होली का पर्व : मुन्नी देवी गुप्ता

- केमिकल रंगों से रहें दूर, गुलाल का करें उपयोग : ईओ





**गुरसहायगंज (कन्नौज), समृद्धि न्यूज।** होली रंगों का पर्व है, प्रेम व सौहार्द का त्योहार है, उल्लास और उल्लासित करने का अवसर है, ऐसे में नफरती बोल और हरकतों से अपनी और दूसरों के रंग में भंग न डालें। रंगों के पर्व को प्रेम व सैहार्द के साथ मनाएं। यह उद्गार होलिका दहन की पूर्व संध्या पर नगर पालिकाध्यक्ष और समाजसेविका श्रीमती मुन्नी देवी गुप्ता ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गुरसहायगंज की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल दी जाती हैं। हम होली और ईद एक साथ मनाते हैं। एक ओर रंगों का त्योहार होली होगा और दूसरी तरह मुसलमान भाई-बहनें माह-ए-रमजान में अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। रंगों के पर्व पर इस सौहाद पर किसी की नजर नहीं लगनी चाहिए। जनता जनार्दन से मेरा निवेदन है कि मस्जिद जाते किसी भी रोजेदार पर रंग न डालें। कोई भी धर्म नफरत की इजाजत नहीं देता है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि होली पर्व पर नफरती बोल का प्रयोग न करें। उन्होंने नगर की जनता को होली की शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि होली पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। होली पर केमिकल रंगों का उपयोग बिल्कुल न करें, फूलों के रंग और गुलाल का ही उपयोग करें, जिससे किसी की त्वचा पर कोई हानि न पहुंचे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका आपको स्वच्छ वातावरण प्रदान करने का पूरा प्रयास करती है। आप सब का भी कर्तव्य है कि नगर को स्वच्छ बनाने तथा हरा-भरा बनाए रखने में हमारा सहयोग करें। ईओ ने नगर की आवाम को होली और माह-ए-रमजान की शुभकामनाएं दीं।

# भारी पुलिस बल के साथ कोतवाल ने किया मार्च

**जैदपुर बाराबंकी।** आगामी पर्व होली, रमजान व ईद त्योहारो को सकुशल संपन्न कराने,आम जनता को सुरक्षा का आभास दिलाने हेतु कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व मे भारी संख्या मे पुलिस के जवानो ने पैदल मार्च कर भाईचारे के पर्व मनाने की अपील की है।

ज्ञात हो कि थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह,कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस के जवानों ने रविवार को पैदल मार्च कर आगामी पर्व होली व ईद को लेकर आम जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने के साथ साथ एक्ता व भाई चारे सौहार्द समन्वय के आपस में मिलजुल पर्व मनाने की अपील की है।

# पूर्व सैनिकों की पेंशन समस्याओं का किया गया निस्तारण



- छिबरामऊ में आयोजित हुआ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का सम्मेलन

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश सचिव एवं छिबरामऊ ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ शिवनारायण सिंह की अध्यक्षता में यहां ल आयोजित शिविर में कर्नल बीडी कुमार, सिखलाई रिकॉर्ड ऑफिसर एवं उनकी टीम ने छिबरामऊ क्षेत्र के पूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों की पेंशन संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

शिविर में आए पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की विभिन्न प्रकार की पेंशन संबंधी परेशानियां सुनी गई। जिन मामलों में दस्तावेज पूरे थे, उनके फॉर्म भरवाए गए और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी की गई। कुल 65 पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। मुख्य रूप से उमा राठौर, हंसमुखी देवी, रमेश चाबे, मेघनाथ सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह, राजेश सिसोदिया सहित अन्य कई पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहीं। सभी लाभार्थियों ने कर्नल बीडी कुमार एवं उनकी टीम के प्रति आभार जताया तथा शिव नारायण सिंह के निरंतर प्रयासों की सराहना की। शिव नारायण सिंह ने बताया कि पूर्व सैनिकों की पेंशन, ईसीएस, डीपीआई एवं अन्य संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु ऐसे शिविर नियमित रूप से लगाए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि पूर्व सैनिकों को घर बैठे सुविधा मिल सके।

# बाइक फिसलने से मासूम बच्चों समेत दंपत्ति घायल

## गंभीर हालत में सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा किया रेफर



**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे बाइक सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में दो मासूम बच्चों समेत दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया है।

फर्रुखाबाद जनपद के कुआं खेड़ा सहालम निवासी संजीव शाक्य पुत्र भगवानदास अपनी पत्नी छाया और बच्चे नैतिक व शिक्षा के साथ अपनी ससुराल ग्राम सकरामपुर सुरेंद्र शाक्य के पुत्र राम सिंह विशुनगढ़ के यहां अपनी दादी सास की होली पर पवनी उठाने के लिए बाइक से जा रहे थे। जब वह फर्रुखाबाद रोड पर काली नदी पुल के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। जिससें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सभी को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया।

# रोटाबेटर में फंसकर किसान की हुई मौत

- काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका रोटाबेटर में फंसा शव



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के भोजपुर अमिटिया गांव में उस समय कोहराम मच गया। जब खेत की जुताई कराते समय एक किसान रोटाबेटर में अचानक फंस गया, जिससे उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए और उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद रोटाबेटर में फंसे शव को बाहर निकलवाया। ग्राम भोजपुर अमिटिया निवासी किसान अवनीश सिंह (30) पुत्र भंवर सिंह अपने खेत की जुताई करा रहा था। उसने खेत की जुताई के लिए जमामर्दपुर गांव निवासी शिवपाल सिंह का ट्रैक्टर किराए पर लिया था। ट्रैक्टर को संदीप पुत्र शिवपाल चला रहा था। जबकि अवनीश ट्रैक्टर पर पीछे बैठा था। शाम करीब 4 बजे अचानक अवनीश का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रैक्टर से रोटाबेटर पर जा गिरा, जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक वह रोटाबेटर में बुरी तरह फंस गया और इस बीच उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए। हादसे की जानकारी होते ही मृतक के परिजन रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। इस बीच ग्रामीणों की भी भीड़ जुट गई। कुछ ही देर में सूचना मिलते ही विशुनगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद रोटाबेटर में फंसे किसान के शव को बाहर निकलवा पाया। इसके बाद उसके पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू कर दी।

# खबरें एक नजर में

## पुलिस जांच के दौरान ग्रामीणों ने की अभद्रता, 33 पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र के अल्हादादपुर गांव में पुलिस जांच के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता और धक्का-मुक्की कर दी। चर्चा है कि ग्रामीणों ने पुलिस की गिरफ्त से एक अभियुक्त को भी छुड़ा लिया। हालांकि पुलिस इस बात को सिरे से नकार रही है। इस मामले में 13 नामजद सहित कुल 33 लोगों के खिलाफ दरोगा ने मुकदमा दर्ज कराया है और दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया है। घटना की शुरुआत 19 फरवरी को हुई, जब सौरिख कस्बा के संजयनगर निवासी साहिल पुत्र भगवान दास बाल्मीकि का अल्हादादपुर गांव निवासी विनय बाल्मीकि के साथ झगड़ा हो गया। साहिल की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। 28 फरवरी की शाम को उपनिरीक्षक उमेशचंद यादव अपने हमराह सिपाहियों डालचंद और निहाल सिंह के साथ निजी वाहन से जांच के लिए अल्हादादपुर पहुंचे। उन्होंने विनय को पूछताछ के लिए गाड़ी में बैठाया और वहां से रवाना होने लगे। इसकी सूचना मिलते ही विनय के परिजनों और ग्रामीणों ने गाड़ी रोक ली। उन्होंने विनय को छोडने के लिए दबाव बनाया और पुलिस के साथ धक्का-मुक्की तथा अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान विनय मौके का फायदा उठाकर भाग निकला। उपनिरीक्षक ने घटना की जानकारी प्रभारी निरीक्षक जयंतीप्रसाद गंगवार को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दल बल के साथ गांव पहुंचे, लेकिन तब तक ग्रामीण इधर-उधर भाग चुके थे। कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी और पुलिस लौट आई।

# चूल्हे की चिंगारी से जला छप्परनुमा आशियाना

**मसौली बाराबंकी।** चूल्हे की चिंगारी से निकली आग ने एक छप्परनुमा मकान को जलाकर नष्ट कर दिया तेज हवा के बींच बढ़ती लपटो के बींच फंसी एक महिला झूलस गयी ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग को काबू किया। आग मे झूलसी महिला को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिसे सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर किया गया है। रविवार की दोपहर मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुंजापुर निवासी राहुल कुमार की 30 वर्षीय पत्नी सबुल अपने देवर साहुल के छपरनुमा मकान मे आलू उबालने के लिए गयी थी आलू उबालने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने छप्पर को अपने आगोस मे ले लिया और देखते ही देखते पुरा छप्परनुमा मकान धु धुकर जलने लगा आग के बींच मे फंसी राहुल की पत्नी सबुल बुरी तरह झूलस गयी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जिलाधिकारी का छापा, गंदगी देख लगाई फटकार



- जलालाबाद सीएचसी अधीक्षक मनोज कुमार व गुगरापुर अधीक्षक सुरेंद्र चौधरी मिले नदारद

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर व जलालाबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सकीय व्यवस्थाओं, स्वच्छता, दवा उपलब्धता और स्टाफ उपस्थिति की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए। सीएचसी गुगरापुर में डॉ. देवेन्द्र कुमार मीना, फार्मासिस्ट प्रभात तिवारी, वार्ड बॉय अतुल कुमार व स्वीपर सोनू मौजूद मिले, जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेन्द्र चौधरी अनुपस्थित पाए गए। अस्पताल परिसर में गंदगी मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। निरीक्षण के समय कोई मरीज मौजूद नहीं था। डीएम ने तत्काल साफ-सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएचसी जलालाबाद में डॉ. उदय वीर प्रताप, फार्मासिस्ट ज्ञानेंद्र सचान व वार्ड बॉय शिवम उपस्थित मिले, जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार अनुपस्थित थे। दवाओं की उपलब्धता संतोषजनक पाई गई, लेकिन स्टोर रूम में गंदगी मिलने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। महिला चिकित्सालय में प्रतिमाह 16-17 प्रसव होने की जानकारी स्टाफ नर्स रचना यादव ने दी।

निरीक्षण के समय महिला चिकित्सक डॉ. पूनम अनुपस्थित पाई गईं। डीएम ने सभी चिकित्साधिकारियों व कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# सड़क के डिवाइडर पर पाथे जा रहे उपले



**छिबरामऊ, कन्नौज।** फोर लेन सौरिख रोड के डिवाइडर पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जे कर रखे हैं। कई जगह तो गोबर डालकर उस पर उपले पाथने का काम किया जा रहा है। हालत यह है कि जगह जगह उपलों के ढेर डिवाइडर पर लगे हुए हैं। ऐसे में कभी भी हादसा होने की आशंका बनी रहती है। छिबरामऊ से सौरिख बिधूना रोड का चौड़ीकरण कराकर फोरलेन बनाया गया था। सड़क के बीचों-बीच चौड़ा डिवाइडर बनाया गया है। अब सड़क के इस डिवाइडर पर कई जगह ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। सबसे ज्यादा खराब हालत ग्राम भगवंतपुर के सामने हैं। यहां गांव के लोग मवेशियों का गोबर डिवाइडर पर एकत्र करते हैं। इसके बाद उनके घरों की महिलाएं उस गोबर से डिवाइडर पर ही उपलें पाथती हैं। इतना ही नहीं सूखे उपलों के एकत्र कर डिवाइडर पर ही काफी ऊंचे ढेर लगा देती हैं। डिवाइडर पर रखे उपलों के ढेर से कभी भी कोई हादसा होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। डिवाइडर के बीच में सुंदरीकरण के लिए पौधे लगे चाहिए थे लेकिन कार्यदाई संस्था ने ऐसा नहीं किया। हालांकि नगर क्षेत्र में सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर से पूर्वी बाईपास तक नगर पालिका ने डिवाइडर पर पौधे लगवाए हैं और उनकी नियमित देखभाल भी की जा रही है।

# ईमानदारी व मेहनत के साथ युवा करें पत्रकारिता : प्रदीप पाठक

- मर्यादा संयम का पालन करें पत्रकारिता में नवांगतुक
- पत्रकारों की बैठक में सुरक्षा और अधिकारों पर गहन चर्चा



**गुरसहायगंज कन्नौज।** ईमानदारी शिष्टाचार और संयम के साथ सभी सम्मानित युवा साथियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करना होगा इस व्यवसाय में मर्यादा का पालन करना अत्यंत आवश्यक न्यू कमर संयम और शिष्टाचार से पत्रकारिता के क्षेत्र में अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं। यह विचार कान्यकुब्ज प्रेस क्लब गुरसहायगंज के संयोजक एवं प्रभारी दैनिक जागरण प्रदीप पाठक ने कही रविवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित आरके पैलेस में आयोजित कान्यकुब्ज प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाले युवा शॉर्टकट का रास्ता ना अपना कर कठिन परिश्रम और लगन के साथ अपने काम में ध्यान दें और सरकार एवं कंपनी द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार क्षेत्र व नगर में काम करें तभी युवा अपनी पत्रकारिता के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर सकते हैं पत्रकारिता के क्षेत्र में जोखिम अधिक है लाभ कम होने के कारण युवा वर्ग के साथी शॉर्टकट का रास्ता अपनाते हैं यह गलत है कान्यकुब्ज प्रेस क्लब गुरसहायगंज के अध्यक्ष राजीव चौहान ने कहा कि पत्रकारों की बैठक का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना रहा। और एक साथ बैठकर एक दूसरे की मन की बात को समझना है। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष ज्ञानेंद्र गुप्ता ने की। उन्होंने संबोधन कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्तमान समय में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कई पत्रकारों ने मैदान में रिपोर्टिंग के दौरान सुरक्षा की कमी, प्रशासनिक सहयोग के अभाव, मानदेय में असमानता तथा फर्जी मुकदमों जैसी समस्याओं को उठाया। बैठक में प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा गया कि पत्रकारों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना लागू कराने, पहचान पत्र की मान्यता सुनिश्चित करने तथा उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा पत्रकारों के प्रशिक्षण एवं कल्याण के लिए एक स्थायी समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया। वरिष्ठ पत्रकार एवं अमर उजाला के प्रभारी संजय द्विवेदी ने एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती से ही पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा संभव है।

उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पत्रकार साथियों को एक प्लेटफार्म पर आना जरूरी है जिससे नगर व क्षेत्र में पत्रकारों की खोई हुई इमेज को वापस लाया जा सके संगठन में एकता होगी तो संघर्ष करके बड़ी से बड़ी लड़ाई को जीता जा सकता है कार्यक्रम का संचालन अमित शर्मा ने किया। अध्यक्ष राजीव चौहान सहित् सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में पत्रकार एकता को बनाए रखने और समय-समय पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने का संकल्प लिया।

# कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा



**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर खड़ी स्लीपर बस में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बस में करीब 80 यात्री सवार थे। हादसे में 5 यात्री घायल हो गए, जबकि ट्रक के कंडेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और ट्रक के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे पर तैनात यूपीड़ा कर्मियों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सौरिख अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह हादसा सौरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# ई-रिक्शा सवार पिता पुत्री सहित तीन लोग घायल, डंपर ने मारी टक्कर

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर कपड़ा खरीदने आ रहे ई रिक्शा सवार पिता,पुत्री सहित महिला और ई रिक्शा चालक डम्फर की जोरदार टक्कर गंभीर रूप से घायल हो गये।टक्कर इतनी जबरदस्त थी ई रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।घायलो को समुदायिक स्वास्थ्य जैदपुर लगाया।जहा हालत नाजुक देखकर तीन लोगो को जिला अस्पताल रेफर किया गया।है।

जानकारी के अनुसार जैदपुर-सफदरगंज मार्ग पर एक तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।इस हादसे में ई-रिक्शा मे सवार चालक सहित तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।यह घटना धनेठिया गांव के पास पेट्रोल पंप के पास हुई।राहगीरो ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर पहुंचाया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हे रेफर कर दिया है,ज्ञात हो कि मैलारायगंज निवासी साबिर अली पुत्र कादिर अपनी पुत्री मरियम बानो के साथ ईद के पर्व के कपड़ा खरीदकर ई रिक्शा चालक संजय कुमार पुत्र सहदेव के साथ वापस जाते समय जैदपुर सफदरगंज मार्ग पेंट्रोल पंप के पास डम्फर यूपी 41 बीटी 9899 ने जोरदार टक्कर मार दिया।जबकि ई रिक्शा में सवार जयस कुमारी पत्नी विरेंद्र पांडे थाना कोठी भी गंभीर रूप से घायल हो गयी। कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को उपचार हेतु भेजा गया है, जांच पड़ताल जारी है।

# 12 वर्षीय बालिका ने रखा जीवन का पहला रोजा

**मसौली बाराबंकी।** पवित्र माह रमज़ान के पहले अशरे में कस्बा मसौली निवासी शादाब ख़ान की 12 वर्षीय पुत्री दरफ्शा बानो ने अपने जीवन का पहला रोज़ा रखा। रोज़ा इफ्तार के दौरान दरफ्शा बानो ने मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की जिससे माहौल पूरी तरह रूहानी और भावनात्मक हो उठा। दरफ्शा बानो के पहले रोज़े की खुशी में शादाब ख़ान ने रोज़ा कुशाई (इफ्तार पार्टी) का आयोजन किया जिसमें मोहल्ले और गांव के तमाम रोजेदारों ने शिरकत कर सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया। इस मौके पर सभी ने देश में शांति, सौहार्द और भाईचारे की कायम रहने की दुआएं मांगीं।

# गुंडागर्दी करने वाले अराजक तत्वों को नहीं बक्शा जायेगा

- होली के दिन बंद रहेंगे नगर ब क्षेत्र के ठेका
- गस्त पर रहेगी 10 मोबाइल पुलिस की गाड़ियां
- सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाए होली का त्यौहार



**गुरसहायगंज कन्नौज।** नग तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाएं होली के त्यौहार के दिन गड़बड़ी व गुंडागर्दी करने वाले अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। यह बात कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने कही रविवार को कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी नागरिक समय से होली का त्योहार मनाए और रंग खेले तथा सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का अनुसरण करें कानून व्यवस्था को किसी भी कीमत पर भग ना करें नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी कीमत पर गुंडागर्दी और अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी पुलिस कड़ी कार्रवाई की करेगी जिससे उसकी पीढ़ियां भी याद रखेंगी उन्होंने कहां कि होली के त्यौहार में गड़बड़ी को रोकने के लिए कोतवाली क्षेत्र के सभी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 10 मोबाइल टीम का गठन किया गया है यह पुलिस टीम लगातार नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगी यदि किसी भी अराजक तत्व ने गड़बड़ी की तो उसको किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा उसको कठोर दंड भी दिया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि आप सभी लोग होली के त्यौहार को सौहार्द पूर्ण वातावरण के साथ होली का त्यौहार मनाएं ।नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी शराब के ठेके होली के दिन बंद रहेंगे यदि किसी भी ठेका की खुलने की जानकारी मिली तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसी बीच बैठक में मौजूद पूर्व सभासद मुनीर कुरैशी शहर काजी हाजी जुम्मन महंत राकेश कुमार द्विवेदी सहित कई नागरिकों ने कोतवाली प्रभारी के समक्ष अपनी अपनी समस्याएं भी रखी है जिसका कोतवाली प्रभारी ने तत्काल समाधान भी कराया।

# गुम हुए 15 लाख कीमत के मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को लौटाया

**बाराबंकी।** सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए करीब 15 लाख रुपये कीमत के 73 मोबाइल फोन किये गये बरामद, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइलों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आम जनता के मोबाइल फोन गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व समस्त थानों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) का उपयोग करके तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से गुमशुदा हुए 73 मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन व अपना महत्वूर्ण डाटा वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए बाराबंकी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। बाराबंकी पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं या सीधेपोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें।

# पीस कमेटी की बैठक में एएसपी ने दी होली व ईद की बधाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली परिसर में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी होली और ईद त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए सहयोग मांगा। वहीं व्यापारियों ने बिजली और जाम की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।



पीस कमेटी की बैठक लेते एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक ने होलिका दहन स्थलों पर बिजली के लटकते तारों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि अग्नि दुर्घटना न हो और बिजली आपूर्ति बाधित न हो। इस पर व्यापारियों ने बताया कि श्यामागेट की सबसे बड़ी होली के दौरान विभाग द्वारा तार हटाए जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने शहर की हालिया घटना का हवाला देते हुए व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने और निजी चौकीदार रखने की अपील की। व्यापारी नेताओं ने त्योहारों के मद्देनजर शहर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और गश्त बढ़ाने की मांग की, ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की कुछ कमी है, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली और ईद प्यार और मोहब्बत के त्योहार हैं इन्हें मिलजुल कर मनाना चाहिए। बैठक में क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, व्यापारी नेता मनोज कौशल, संजय गुप्ता, उमेश गुप्ता, आदेश अग्निहोत्री, अमित सेठ, सत्यनारायण वर्मा, मंसाराम गुप्ता, भाजपा नेता देवेंद्र दुबे, सागर गुप्ता, अखिलेश शर्मा, गौरव वर्मा और अजय शाक्य समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में पहुंचे जुकाम, बुखार, दाद खुजली के मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। बदलते मौसम के कारण जुकाम, बुखार, खांसी और त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों की भीड़ देखी गई। सर्दी की विदाई और गर्मी के आगमन के साथ ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। सिर दर्द, खांसी, बुखार और जुकाम जैसी समस्याओं से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त दादए खाज और खुजली जैसी संक्रामक त्वचा संबंधी बीमारियां भी तेजी से फैल रही हैं। फैजबाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट वीरेंद्र राजपूत की उपस्थिति में कुल 49 मरीजों का पंजीकरण किया गया। इन सभी मरीजों को परामर्श के बाद आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां प्रदान की गई। मेले में 11 मरीजों की शुगर संबंधी जांच भी की गई। फार्मासिस्ट ने लोगों को बदलते मौसम के दुष्प्रभावों से बचने के लिए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। केवल फैजबाग ही नहीं, बल्कि चिलसरा, रोशनाबाद, पसियापुर और कुआंखेड़ा जैसे अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में मरीजों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। यह दर्शाता है कि बदलते मौसम का स्वास्थ्य पर व्यापक असर पड़ रहा है।




मेले में मौजूद मरीज

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुन भक्त हुए मंत्रमुग्ध



गुरुदेव का स्वागत करते ब्रजेश शर्मा उर्फ बबलू शर्मा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक कायमगंज के गांव त्योरखास में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के पंचम दिवस पर कथाव्यास आचार्य राम प्रवेश मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। बाला जी टेंट एंड लाइट के तत्वावधान में आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया।

बालाजी टेंट हॉउस परिसर मे आयोजित कथा में पूर्व सैनिक ब्रजेश शर्मा उर्फ बबलू शर्मा ने पुष्प माला, नगदी, पीला वस्त्र भेंट कर गुरुदेव का स्वागत किया। कथाव्यास ने माखन लीला और पूतना वध का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को स्तनपान कराने का प्रयास किया, लेकिन भगवान ने उसका वध कर उसका भी कल्याण कर दिया। उन्होंने कहा कि सच्चा धनवान वही है जो तन, मन और धन से भगवान की सेवा व भक्ति करता है। कथा में मिट्टी खाने की लीला का वर्णन करते हुए बताया गया कि जब यशोदा माता ने श्रीकृष्ण का मुख खुलवाया तो उसमें पूरा ब्रह्मांड दिखाई दिया जिससे माता आश्चर्यचकित रह गईं। साथ ही गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने गिरिराज पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाया। आचार्य ने युवाओं से गीता, भागवत और रामायण पढ़कर अपने धर्म को जानने का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों पर भावविभोर होकर आनंद लिया। इस दौरान, राजू लाला, बबलू शर्मा, हरिओम शर्मा, हविंद्र यादव, गुरूमित यादव सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

## तीन वर्ष पूर्व भागकर शादी करने वाले युवक युवती पहुंचे थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने लगभग 3 वर्ष पूर्व उसी गांव के एक युवक से घर से भागकर उच्च न्यायालय में जाकर शादी कर ली थी। लगभग 1 वर्ष बाद उसने एक पुत्री ने जन्म लिया। कुछ दिनों से पति पत्नी में घरेलू विवाद उत्पन्न हो गया। जिसके चलते युवती अपने पिता के घर चली गई। रविवार को दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर छुटकारा पाने की बात करने लगे। जिस पर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने दोनों पक्षों से बात की, तो युवती ने युवक के साथ न रहने की बात कहकर पिता के साथ जाने की बात कही। जिस पर युवक ने कहा कि मेरी दो 2 वर्षीय पुत्री को मुझे दे दिया जाए।

# पत्नी से फोन पर बहस के बाद युवक फांसी पर झूला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव कमरे में पत्नी की साड़ी के फंदे से लटका मिला। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को फंदे से उतारकर परिजनों से पूछताछ की और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो



गमगीन बैठे मृतक के परिजन

कायमगंज के लखनपुर गांव निवासी युवक अंकित ने (25) ने शनिवार देर रात कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह करीब 8 बजे तक वह कमरे से बाहर नहीं आया। तब मां रेनू उसे जगाने कमरे में गई। कमरे में अंकित का शव उसकी पत्नी की साड़ी के फंदे से लटका देख मां ने चीख-पुकार मचाई। घटना की जानकारी घर के बाकी सदस्यों को हुई। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर क्राइम इंचार्ज इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। अंकित की मां ने बताया शनिवार की रात काम से लौटने के बाद अंकित और उसकी पत्नी की फोन पर करीब आधे घंटे बातचीत हुई। दोनों में आपसी मतभेद के चलते विवाद हो रहा था। जिसके बाद रात में खाना खाने के बाद सभी अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह परिजनों ने अंकित का शव फंदे से लटका देखा। अंकित की शादी तीन साल पहले राजेपुर क्षेत्र के कुसुमाकर गांव निवासी रूबी से हुआ था।

अंकित की मां के अनुसार अंकित और उसकी पत्नी रूबी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। जिससे अंकित मानसिक रूप से परेशान रहता था। अंकित की पत्नी रूबी चार दिन पहले अपने मायके चली गई थी। इस दौरान भी दोनों का कई बार फोन पर झगड़ा हुआ था। अंकित अपने पांच भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी एक बहन ;अंशिकाद्ध भी है। अंकित की एक आठ महीने की बेटी सिद्धी है। जिसे लेकर पत्नी मायके चली गई है। परिवार के भरण पोषण के लिए वह मजदूरी करता था।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रविवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर गुजरने वाले दुपहिया और चारपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। अभियान में कई वाहनों के कागजात चेक किए गए और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में संचालित हुआ। उनके निर्देश पर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोका गया और उन्हें सख्त हिदायत दी गई। वहीं सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों को भी यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवरस्पीडिंग से बचें और निर्धारित यातायात नियमों का पालन करें। अभियान में चौकी इंचार्ज राहुल सिंह और कांस्टेबिल विकास भाटी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए इस प्रकार के सघन चेकिंग अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे।



वाहन चेकिंग अभियान चलाती पुलिस

# दो मार्ग दुर्घटनाओं में 11 लोग घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में 11 लोग घायल हो गये। जिनमें एक बस चालक, तीन बालिकाएं और दो महिलाएं शामिल हैं। एक हादसे में दो बसों की आमने-सामने टक्कर हुई, जबकि दूसरा टेंपो और बाइक की भिड़ंत थी। पहला हादसा नगर के मुख्य चौराहे पर हुआ। कंपिल की ओर से आ रहे एक टेंपो और रेलवे स्टेशन की ओर से आ रही बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पास की मस्जिद में नमाज पढ़ रहे लोग भी बाहर निकल आए।

टेंपो में सवार सभी लोग थाना मेरापुर के गांव अहलामई के निवासी थे। वे शनिवार को कंपिल के भूतनाथ मंदिर सोनोढी में दर्शन कर रविवार सुबह घर लौट रहे थे। इस हादसे में बाइक सवार महमदीपुर निवासी विकास गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। टेंपो में सवार दुर्गेश, राजुल,, देवकी, बबली, मुन्ना, कुंती और रीता भी घायल हुए हैं। जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त रोडवेज

दूसरा हादसा कायमगंज-फर्रुखाबाद बाईपास मार्ग पर बेरिया तिराहे के पास हुआ। यहां दिल्ली से फर्रुखाबाद जा रही फर्रुखाबाद डिपो की बस और सामने से आ रही एटा डिपो की बस के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर में फर्रुखाबाद डिपो के चालक पवन मिश्रा निवासी हुल्लापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत रेफर कर दिया गया। बस में सवार यात्री उमाशंकर और उनके भाई हरिओम निवासी खैराबाद भी चोटिल हुए हैं। गनीमत रही कि एटा डिपो के यात्री सुरक्षित बच गए। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज सोमवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बसों को सड़क से हटवाकर दिल्ली रोड पर यातायात सुचारू कराया।

## खबरें एक नजर में

### एजुकेटर भर्ती साक्षात्कार की सूची बदलने पर अभ्यर्थियों का हंगामा

**फर्रुखाबाद।** विकास भवन में साक्षात्कार देने पहुंचे 318 एजुकेटर अभ्यर्थियों ने सूची बदली देख हंगामा कर दिया। मामला सीडीओ के संज्ञान में आने पर फटकार लगाई। इसके बाद दूसरी सूची चस्पा की गई। 106 सीटों के लिए 3,388 आवेदन किए गए हैं। सूची बदलने में बीएसए दफ्तर में तैनात एक डीसी (समन्वयक) की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन से छह साल तक के बच्चों को खेल-खेल में प्राथमिक शिक्षा के लिए तैयार करने की मंशा से 106 अर्ली चाइल्ड हुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) अथवा एजुकेटर की भर्ती का शनिवार सुबह साक्षात्कार शुरू हुआ। इसमें 3388 लोगों ने आवेदन किया था। पहले दिन 318 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। इन अभ्यर्थियों को पहले ही सीरियल नंबर दिए गए थे। विकास भवन में शनिवार सुबह अभ्यर्थी पहुंचे तो वहां बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से चस्पा की गई सूची में सीरियल नंबर गड़बड़ मिले। इस पर अभ्यर्थियों और परिजन ने हंगामा शुरू कर दिया। सीडीओ विनोद कुमार गौड़ ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने बीएसए के संबंधित डीसी को फटकार लगाई।

# स्कार्पियो की टक्कर से बालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद के गांव नहरइया में गली में खेलते समय तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से छात्र की मौत हो गई। चालक ने कार भगाने का प्रयास किया पर ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। पिता की सूचना पर पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है। नहरइया गांव निवासी प्रहलाद सिंह का पुत्र प्रशांत (10) कक्षा पांच में पढ़ता था। वह रविवार शाम करीब सवा पांच बजे गांव की गली में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी समय आई तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। इससे प्रशांत दूर जा गिरा। चालक ने कार भगाने का प्रयास किया, मगर ग्रामीणों ने पीछा करके पकड़ लिया। इसके बाद उसी कार से घायल बच्चे को आवास विकास तिराहा स्थित निजी अस्पताल लाया गया। हां बच्चे को जैसे ही स्ट्रेचर पर लिटाया तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।




पिता प्रहलाद सिंह ने कादरीगेट थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर कार को कब्जे में ले लिया। पिता प्रहलाद सिंह ने बताया कि प्रशांत चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। उसका बड़ा भाई शिवकुमार और छोटा निशांत व बहन भावना है। मां सोनी का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता ने बताया कि कार की स्पीड काफी तेज थी। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की है।

# गुलाल और पिचकारियों से सजे स्टॉल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** होली के पर्व को लेकर मुख्य बाजार और गलियों में दुकानदारों ने रंग-बिरंगे गुलाल, अबीर, हर्बल रंग, चंदन पाउडर और विभिन्न प्रकार की पिचकारियों से अपने स्टॉल सजाए हैं।



बाजार में बिक रहीं गुलाल व पिचकारी

गुलाल व पिचकारियां खरीदने के लिए बच्चों व युवाओं में ज्यादा क्रेज देखने को मिल रहा है। बच्चे और युवा रंगीन इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियों के प्रति अधिक आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में हल्की हवा में गुलाल की खुशबू फैल रही है, जो होली के आगमन का संकेत दे रही है। दुकानदारों में उत्साह है और उनका कारोबार भी तेजी से बढ़ रहा है। बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की ज्यादा भीड़ दिखायी पड़ रही है। होली के पर्व को लेकर दुकानदारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जली युवती की उपचार के दौरान मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिजपुरा निवासी नीलम जाटव उम्र 21 वर्षीय पुत्री महेंद्र सिह जाटव दिनांक 24 फरवरी को रोज की भांति अपने घर से लगभग डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर बने जानवरों के बाड़े में जानवरों को देखने गई हुई थी। संदिग्ध परिस्थितियों में जानवरों के बाड़े में युवती जली हुई अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके कराहने की आवाज सुनकर पड़ोस में ही घास काट रही उनकी पारिवारिक दादी सतानो देवी ने देखा युवती बुरी तरीके से जल चुकी थी। सतानो देवी ने तत्काल इसकी सूचना युवती के परिजनों को दी। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफउर कर दिया था। युवती ने अर्द्ध बेहोशी की हालत में बताया कि एक युवक नकाब बांधकर आया और उसने उसके साथ मारपीट की मुंह पर टेप लगा दिया और पेट्रोल की बोतल डालकर आग लगा दी। आग लगाने के बाद युवक मौके से फरार हो गया।



घटना की जांच में जुटी पुलिस

घटनास्थल पर युवती के जले हुए कपड़े व एक खाली बोतल पड़ी हुई मिली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कबवा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, उपनिरीक्षक शमशुद्दीन, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल धरर्मेन्द्र, कांस्टेबिल सचिन कुमार सहित भारी पुलिस बल पहुंचा। युवती की चाची ज्योति पत्नी गुरुजीत ने बताया कि वह जब जानवरों के बाड़े में पहुंची तो युवती जली हुई अवस्था में कराहती हुई जमीन पर पड़ी थी। जिससे चीख पुकार मच गई। ज्योति के 7 वर्षीय पुत्र व युवती के चचेरा भाई ने बताया कि वह घटनास्थल के पास पानी पीने के लिए गया था, तो उसने देखा की युवती स्वयं ही अपने मुंह पर टेप लगा रही थी, जिसके बाद यह घटना घटित हो गई। फिलहाल में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। युवती अपने पांच भाइयों में अकेली बहन है। 2 वर्ष पूर्व पिता महेंद्र की मौत हो चुकी है। रविवार को उपचार के दौरान नीलम की भी मौत हो गई।

## दबंग ने गाली-गलौज करते हुए युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव भटासा निवासी युवक अंकित पुत्र सुरेंद्र जाटव ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीती 27 फरवरी को वह अपने खेत से जानवरों के लिए घास काट कर घर लौट रहा था। उसने बताया कि रास्ते में गांव का ही एक दबंग व्यक्ति मिला और और वह जातिसूचक गालियां देने लगा। पीड़ित ने घटना के संबंध में यह भी बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति के समर्सिबल का पाइप किसी अज्ञात ने खोल दिया था। जिससे उनकी गन्ने की फसल भर गई। जिसमें उक्त दबंग व्यक्ति का नाम सामने आ रहा था। पीड़ित को रास्ते में घेरकर उक्त दबंग व्यक्ति ने कहा कि तूने मेरा नाम सबमर्सिबल वालों से रख दिया है और गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़ित ने बताया कि उसने नाम तुम्हारा नहीं रखा है, लेकिन फिर भी दबंग ने अंकित को जमकर लात-घूंसों से मारापीटा। जिसमें उसके गर्दन सहित अन्य शरीर के हिस्सों में चोटे आई हैं। घटना की लिखित तहरीर पीड़ित ने पुलिस को सौंपी है। पीड़ित का आरोप है तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इस संबंध में क्राइम इंचार्ज इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



जानकारी देता पीड़ित

# महाप्रभु चैतन्य देव गौर हरी जयंती पर नगर में निकाली गई रंग यात्रा

**भक्तों ने हरि नाम संकीर्तन यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह किया स्वागत**



शोभायात्रा में शामिल भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर महाप्रभु चैतन्य देव कलयुग में श्री राधा-कृष्ण के अवतार के रूप में प्राकट्य उत्सव मनाया जाता हैं। इस रंग यात्रा हरि नाम-यात्रा का विशेष धार्मिक कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरेहरे हरे राम हरे राम राम राम राम हरे हरे की धुन पर चिन्मय गोस्वामी ने बताया कि इस कलयुग में महा अवतार प्रभु चैतन्य देव ने प्रत्येक प्राणी जीव के कल्याण मंगल जीवन के लिए हरी नाम संकीर्तन श्रेष्ठ साधन है इसी उद्देश्य को लेकर श्री राधा माधव कीर्तन मंडल के लोग हरि नाम कीर्तन करते हुए सभी का मंगल कामना करते हैं। यात्रा राधा शक्ति श्याम मंदिर लोहाई रोड से आरंभ होकर चौक नेहरू रोड पर समाज सेवी संजय गर्ग ने पुष्प वर्षा आरती कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा नितगंजा स्टेट बैंक रेलवे रोड होते हुए राधा माधव मंदिर घमंड़ी कूचा में संपन्न हुई। कार्यक्रम राम-नाम, हरि-नाम एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्तों ने संकीर्तन करते हुए भगवान का गुणगान किया तथा वातावरण भक्तिमय हो गया। होली नाम संकीर्तन (रंग भरी यात्रा) नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु फूलों की होली खेलते हुए नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। नेहरु रोड पर दीप संस्था प्रमुख निमिष टंडन ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर पिचकारी लेकर रंग भरी होली खेली और पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। श्याम टंडन व अनंत टंडन ने फूल बरसाये। नेहरु रोड पर श्रद्धारानी स्मृति संस्थान के अध्यक्ष संजय गर्ग ने शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की और स्वागत किया। इस मौके पर श्याम जी गर्ग आदि लोग मौजूद रहे। पूज्य प्रभु चैतन्य देव के भक्तों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की तथा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। रंगोत्सव के दौरान भक्तों ने प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। रंग यात्रा का समापन मंदिर परिसर में महा आरती के साथ संपन्न हुआ।

# महा मंगलेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के प्राचीन मंदिर श्री महा मंगलेश्वर नाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम पुराना कोटा पार्चा में वार्षिक उत्सव में श्री सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा मानव कल्याण की कामना के साथ सुंदरकांड संपन्न हुआ। कलयुग में श्री हनुमान जी की उपासना सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। चिंतामणि सुंदर कांड पाठ समिति के व्यवस्थापक घनश्याम वाजपेई ने कहा ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हनुमान जी की उपासना से संपन्न नहीं हो सकता। कवन सो काज कठिन जग माही जो नहीं होई तत तुम पाही, इसी महामंत्र को लेकर लोगों का कल्याण कर रहे हैं।



सुंदरकांड पाठ के दौरान सजाये गये शिवलिंग

श्री देवासी उपासना के त्रिदिवसीय कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ समिति चिंतामणि द्वारा भगवान शिव रुद्र अवतार हनुमान जी की उपासना कर उनकी भव्य एवं दिव्या सिंगार, छप्पन भोग, महा आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया। महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव में योगेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, निर्मल दीक्षित, प्रशांत सिंह, घनश्याम वाजपेई, अशोक वर्मा, कमलेश दीक्षित, अनूप मिश्रा, नागेश अग्निहोत्री, पवन गुप्ता, रविंद्र भदोरिया, अनुराग पांडे ने संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया। इस अवसर पर रामजी वाजपेई, ओम शुक्ला, रामवीर गौतम, नीरज सक्सेना, स्वदेश, दिनेश मिश्रा, शिवाशीष, सागर भारद्वाज, प्रमोद द्विवेदी, दीपक शुक्ला, रजत अग्रवाल आदि लोग सेवा में लग रहे।

# दर्जनों पूर्व सैनिक बने सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी



मनोनयन पत्र के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी

**पीडीए को पूर्व सैनिकों ने मजबूत करने का लिया संकल्प**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष केके यादव ने आये हुए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

दर्जनों पूर्व सैनिकों को सैनिक प्रकोष्ठ का पदाधिकारी बनाया गया। पीडीए को मजबूत करते हुए जिलाध्यक्ष केके यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी तन, मन, धन से मिशन 2027 के लिए अभी से लग जाये। जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनायेंगे।

उन्होंने पीडीए का नारा देते हुए कई लोगों को पदाधिकारी बनाते हुए मनोनयन पत्र सौंपे। सभी ने समाजवादी पार्टी पार्टी व अखिलश यादव जिंदाबाद के नारे लगाये।

जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# गायत्री इंरनेशनल स्कूल में विज्ञान व कराटे प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



कराटे का प्रदर्शन करते छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुडगाँव देवी मंदिर में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी व कराटे प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कराटे प्रतियोगिता का आयोजन प्रक्षिक पारस भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य नगर पालिका फर्रुखाबाद की चेयरमैन वत्सला अग्रवाल रही। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा लगाये गये माडलों को देखा। वहीं बच्चों ने कराटे कला का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुख्यअतिथि ने कराटे में बच्चों का प्रदर्शन देख प्रोत्साहित किया। साथ में प्रधनाचर्या राजकुमार शर्मा भी बच्चों की कला का प्रदर्शन देखा और सभी का हौसला बढ़ाया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# जन आरोग्य मेले में 115 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य जांच और उपचार के लिए पहुंचे।



मेले में मौजूद मरीज

स्वास्थ्य मेले में कुल 115 मरीजों का पंजीकरण किया गया। उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। मेले के दौरान विभिन्न गंभीर और सामान्य बीमारियों की जांच की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसारए 11 मरीजों में मलेरिया, 9 में टाइफाइड, 14 में शुगर, 6 में बलगम संबंधी समस्या, 2 में हीमोग्लोबिन की कमी और 2 में हेपेटाइटिस की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर इन मरीजों का तत्काल उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों ने मरीजों को मौसम परिवर्तन से फैलने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल के उपयोग और संतुलित आहार पर जोर दिया। शुगर और टाइफाइड के मरीजों को नियमित जांच तथा खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। मेले में डॉ0 गौरव वर्मा के नेतृत्व में एक टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम में फार्मासिस्ट अरविंद कुमार और लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, सोनाली पाल तथा वार्ड ब्वॉय राकेश कुमार शामिल थे। पूरे आयोजन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और मरीजों को कोई असुविधा नहीं हुई। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो रही हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों को घर के पास ही जांच और दवा की सुविधा मिल रही हैए जिससे निजी अस्पतालों पर उनकी निर्भरता कम हो रही है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस



हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखी। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना अमृतपुर में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। थाना कमालगंज क्षेत्रान्तर्गत, महिला थाना क्षेत्रांतर्गत एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। वहीं कोतवाली मोहम्मदाबाद व महिला थाना तथा थाना राजेपुर क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को पंफलेट देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं से संवाद कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और महिलाओं से कहा कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं तथा महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

# सीओ यातायात ने अधिवक्ताओं को यातायात के प्रति किया जागरुक



बैठक लेते सीओ यातायात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी यातायात ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर यातायात जागरुकता अभियान के तहत जागरुक किया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में क्षेत्राधिकारी यातायात एंव यातायात पुलिस द्वारा लॉ बार काउंसिल के अध्यक्ष शशिभूषण दीक्षित व अधिवक्ताओं के साथ यातायात जागरूकता अभियान के तहत बैठक की। बैठक के दौरान यातायात संकेतों की पहचान, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, साथ ही पैदल चलने के सुरक्षित तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का पालन करे, तो अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों को समझाया। साथ ही हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचावए नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने पर विशेष जोर दिया।

# नौ वर्षीय बच्ची ने रखा पहला रोजा देश में अमन-चैन की मांगी दुआ

**परिवार ने किया सम्मान**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। इस पवित्र महीने में मुस्लिम लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। मुस्लिम समाज के लिए रमजान के रोजे का विशेष महत्व है। रमजान के पाक महीने में मुस्लिम लोग रोजा रखते हैं और पांच वक्त की नमाज पढ़ते हैं।

कशफ खान आज रमजान का पहला रोजा रखा अल्लाह की इबादत में मशगूल रही। नौ वर्षीय कशफ खान ने रमजान के पवित्र महीने में अपना पहला रोजा रखा। नौ साल की उम्र में रोजा पूरा किया। कशफ खान ने अपनी आस्था और अनुशासन का परिचय दिया। कशफ खान ने परिवार के सामने रोजा रखने की इच्छा व्यक्त की। कशफ खान ने बताया कि उसने बड़ों से सुना है कि अल्लाह रोजेदार की दुआएं कुबूल करता है। इसी प्रेरणा से उसने अपना पहला रोजा रखा। पांचों वक्त की नमाज के बाद उसने अपने देश की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं।

# भाजपा नेता ने समर्थकों के साथ मनाया 63वां जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजीव गुप्ता के आवास पर जिला मंत्री गुरुचरन आजाद का 63वां जन्मदिन केक काटकर व फूल माला पहनाकर धूमधाम से मनाया।



समाजसेवी गुरुचरन आजाद अपने क्षेत्र में सभी का ध्यान रखते है। उनके 63वें जन्मदिन पर समर्थकों ने पहुंचकर बधाई दी। सभी लोगों ने उनके दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर शिवनन्दन शंखवार, निर्जेश शंखवार, पवन श्रीवास्तव, पुलिस सेवानिवृत्त रोशन लाल, डा0 सूरज यादव, पूर्व मन्डल अध्यक्ष जहानगंज अरविन्द कटियार, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप कुशवाह, दिलीप श्रीवास्तव, अवधेश शंखवार, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पूरे रोजे रखने वालों को मिलता है नेकी का रास्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, इस महीने में मुस्लिम समाज के लोग 30 दिन तक रोजा रखते हैं। रमजान में रोजा रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं और कुरान की तिलावत कर अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं। रमजान का मुकद्दस महीना धीरे-धीरे बीतता जा रहा है।






अताउलहक काश्फी



डा0 अहमद खान



वसीमुजमा खान

रमजान के दूसरे असरे में नवाजी मस्जिदों में आकर ऐतिफाक करते हैं।


**अलाउलहक काश्फी** एडवोकेट का कहना है पहला असरा रहमत, दूसरा असरा मगफिरत, तीसरा असरा अजावेदोजख से निजात का है। रमजान के दूसरे असरे में इबादत के साथ एतबार से अपने उत्कर्ष का होता है। इस असरे में ऐतिफाक के साथ सुन्नत और शबाब है। लोग काम धंधा छोड़कर मस्जिदों में, जाकर खुदा की इबादत करते हैं। जो सूचना मिलती है उसके अनुसार कार्य करते हैं ऐतिफाक से बैठते हैं। **डा0 अहमद खान** ने बताया कि ऐतिफाक का मतलब खुदा की इबादत करना, झूठ न बोलना, पूरा ध्यान अल्लाह की इबादत में लगाना। अपनी कमाई का एक हिस्सा गरीबों को दान करना। इसके बदले बदले में में अल्लाह कई गुना शबाब देता है। हर मुसलमान पर 30 रोजे फर्ज है। जो लोग पूरे रोजे रखते हैं उन्हें नेकी का रस्ता मिलता है। मुस्लिम मान्यता के अनुसार रोजा रखने वाला, नमाज पढ़ने वाला अल्लाह का बंदा होता है। बदले में अल्लाह उन्हें बरकत से नवाजता है और उनकी खुशियां दोगुनी हो जाती है। इस पुनीत कार्य में महिलायें भी कम नहीं हैं। वह भी नमाज पढ़ने के साथ-साथ ऐतिफाक करती हैं और पूरे रमजान भर अल्लाह की इबादत करते है।

**वसीमुजमा खान** ने बताया कि रमजान माह मुस्लिमों की तिलावत का महीना है इसमें रोजेदारों व सभी मुस्लिमों को सदका फितरा जकात आदि समये-समय पर रमजान माह में सभी मुस्लिमों पर बाजिब है। हर मुस्लिम को सदका फितरा जकात जितना जकात निकालते है उसका 70 गुना अल्लाह पाक रब रोजेदारों व मोमिनों को रहमत अता फरमाता है। इस माह में जो भी मोमिन अल्लाह के माह में रोजे जकात करता अल्लाह उनको जन्नत में जगह देता है।

# होली पर हर्बल व प्राकृतिक रंगों का करें प्रयोगः गुंजा जैन

**सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल स्वस्थ और स्वच्छ होली**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली भारत में व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहार में एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह प्रेम, नई शुरुआत, वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और ज़ेन ज़ी यानी युवा की बदौलत, यह पर्यावरण के प्रति जागरूक उत्सवों की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव का भी प्रतीक है। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने कहा होली, जो कि सबसे प्रतिष्ठित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध त्योहारों में से एक है और पश्चिम में इसे रंगों का त्योहार कहा जाता है, भारत और दुनिया भर के समुदायों में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार कई चीजों का प्रतीक है- प्रेम, नई शुरुआत, वसंत ऋतु का आगमन और हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, बुराई पर अच्छाई की विजय, स्थानीय लोग नकारात्मकता को दूर करने, पिछले पापों को धोने और पौराणिक राक्षसी होलिका को जलाने के लिए होलिका दहन करते हैं, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हम परंपरागत होली के त्योहार को न मनाकर इसके होने वाले दुष्परिणामों को बढ़ाने में लगे हुए है। पहले के समय में होली फूलों से बने प्राकृतिक रंगों से मनाई जाती थी। भारत में आज भी कई जगह पर फूल से होली खेली जाती है, लेकिन होली के इस त्योहार को आधुनिकरण और व्यवसायीकरण के कारण कई कम्पनियों ने रासायनिक रूप से तैयार किए हुए रंग (डाई) बनाना शुरू कर दिया है। बेहद विषैले होते है यह हमारे स्वस्थ पर तो हानिकारक प्रभाव डालते है जैसे अस्थमा, त्वचा संबंधी रोग, जलन, सूजन, एलर्जी, आंखों में संक्रमण आदि साथ ही यह हमारे वातावरण को भी प्रभावित करते है यह आसानी से विघटित ना होकर प्राकृतिक स्रोत वायु, जल और मृदा प्रदूषण करते है। इस त्यौहार की



गुंजा जैन, पर्यावरण विशेषज्ञ

परम्परागत खूबसूरती को हम अनायश्यक रूप से पानी में बहा कर, पानी और रंग से भरे गुब्बारे और प्लास्टिक की थैलियों में पानी भर के फेंकते है यह प्लास्टिक जल निकासी की व्यवस्था को अवरुद्ध करके जल प्रदूषण को बढ़ा देती है हम होलिका दहन में अग्नि प्रज्वलन करते है और पेड़ों को अनावश्यक रूप से काट देते है, जिससे वातावरण में कार्बन डाई आइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर का स्तर बढ़ जाता है, जो वायु प्रदूषण करता है। पर्यावरण का संतुलन तो बिगड़ता ही है, जिसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हम पर ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। युवाओं को भी यही संदेश दें कि यदि हम अभी भी इन त्योहारों के महत्व को ना समझे और अनावश्यक रूप से ऐसे ही अपने पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते रहे तो हमारा आने वाला भविष्य बहुत घातक परिणाम देगा।इको फ्रेंडली त्योहार हम प्राकृतिक रंगों को इस्तेमाल करके जैसे फूलों से, हर्बल रंग, मुल्तानी मिट्टी, हल्दी आदि का इस्तेमाल करें, होलिका दहन में गोबर से बने उपले का उपयोग करें, जिससे हम कुछ हद तक पेड़ों को नुकसान पहुंचने से बचा सकते है। लोग अनावश्यक पानी ना बहायें और होली में जब अपने परिवार के लोगों से मिलने जाए तो साथ में एक पेड़ जरूर लगायें। यह छोटे-छोटे संकल्प ले कर ही हम अपने त्योहारों की गरिमा बनाये रख सकते है और अपने पर्यावरण को भी सुरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे सकते है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से लगी आग में चार झोपड़ियां जलीं, नगदी व सामान राख



**निघासन खीरी।** क्षेत्र के एक गांव में रविवार को अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में चार झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। आग लगने से नगदी सहित घर–गृहस्थी का सारा सामान जल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि संतोष पुत्र दुलारे के घर से अचानक आग लग गई, जो देखते ही देखते पास की अन्य झोपड़ियों तक फैल गई। आग की चपेट में आकर संतोष पुत्र दुलारे, पल्लू पुत्र दुलारे, दीपू पुत्र चंद्रर और रज्जन पुत्र कालिका की झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। आग के दौरान घरों में रखे तीन गैस सिलेंडर भी जल गए, जबकि दीपू के घर का एक सिलेंडर फट गया, जिससे अफरा–तफरी मच गई। हादसे में दीपू के आवास निर्माण के लिए बैंक से लाए गए करीब 30 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन समेत घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

### दस फीट के मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने पकडकर औरा बंधी में छोड़ा



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज के अंतर्गत हरदी गांव में रविवार की सुबह गन्ने के खेत में दस फीट के मगरमच्छ को चहल कदमी करता हुआ देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दिया मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित औरा बंधी में छोड़ दिया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया हलिया रेंज के अंतर्गत हरदी गांव में गन्ने के खेत में दस फीट के मगरमच्छ को चहल कदमी करते हुए मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना रेंजर हलिया संतोष कुमार राय को दिया मौके पर पहुँचे वन्यजीव प्रतिपालक भास्कर प्रसाद पाण्डेय की मौजूदगी में वन विभाग की टीम वन दरोगा सूरज पाण्डेय, आशीष चौबे, राजकुमार वर्मा, वन रक्षक अंकुर शुक्ला सुरक्षा श्रमिक ने ग्रामीणों की सहयोग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर समीप के औरा बंधी के जलाशय में छोड़ दिया है इस संबंध में रेंजर संतोष कुमार राय ने बताया की हरदी गांव के गन्ने के खेत में पहुँचे मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने पकडकर सुरक्षित औरा बंधी में छोड़ दिया गया है ।

### सोमवार की देर रात 97 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**हलिया (मिर्जापुर)।** होली में हुड़दंग को देखते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए हलिया पुलिस एलर्ट मोड में है। थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि होलिका दहन से लेकर होली के त्योहार तक पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है। किसी भी क्षेत्र में अराजकता की स्थिति न पैदा हो इसके लिए थाना क्षेत्र के हर बीट में पुलिस की निगरानी लगाई गई है। इस दौरान उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में 97 स्थानों पर होलिका स्थापित की गई है। सोमवार की देर रात होलिका जलाई जाएगी। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र के 97 जगहों पर होलिका स्थापित की गई है। जिसमें भटवारी तथा हलिया में पुलिस की मौजूदगी में होलिका जलाई जाएगी।

### सड़क हादसे में दूध व्यवसायी की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर–सोनभद्र मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 45 वर्षीय दूध व्यवसायी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया, जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार, मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदरुफनिवासी सतीश यादव उर्फ झगडू यादव (45) दूध का व्यवसाय करते थे। रविवार सुबह करीब सवा नौ बजे वे अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी ग्राम पंचायत डढ़िया के बसंतपुर मौजा गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सतीश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और आरोपी चालक व वाहन की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी।

# नाली विवाद ने ली जानः मारपीट के तीन मुकदमे, एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदमापुर में लैट्रिन टैंक की सफाई और नाली के विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि मामला मारपीट, मुकदमों और आखिरकार एक युवक की आत्महत्या तक पहुंच गया। एक ही घटना को लेकर पुलिस ने अलग-अलग पक्षों की तहरीर पर तीन मुकदमे दर्ज किए हैं। आत्महत्या की घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

बताया जाता है कि 26 फरवरी 2026 को सुबह नाली की सफाई को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी, जो शाम तक हिंसक झड़प में बदल गई। पहले पक्ष की ओर से ग्राम गदमापुर निवासी विशाल कुमार पुत्र जगदेश्वर ने आरोप लगाया कि महिपाल, पियूष, अवनीश, विनीत और अमित ने एकराय होकर उनके घर पहुंचकर जातिसूचक शब्द कहे और लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव में आए प्रधान के पिता देवेंद्र सिंह के सिर में गंभीर चोट आई। इस मामले में पुलिस ने अपराध संख्या 113 के तहत एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष से पियूष पुत्र महिपाल सिंह ने आरोप लगाया कि गांव में बने गड्ढे में कूड़ा व डायपर डालने के विरोध पर जगदेश्वर, विशाल, देवेंद्र उर्फ विष्णु और विवेक ने उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि पुलिस के लौटने के बाद भी घर में घुसकर मारपीट की गई और महिला के साथ अभद्रता की गई। इस तहरीर पर पुलिस ने अपराध संख्या 114 के तहत रिपोर्ट दर्ज की। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब दूसरे पक्ष के आरोपी विनीत पुत्र छोटे सिंह का शव शुक्रवार को गांव के बाहर खेत में पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने इसे आत्महत्या बताया है। मृतक के पिता छोटे सिंह ने आरोप लगाया कि फर्जी मुकदमे और मानसिक दबाव के कारण उनके बेटे ने यह कदम उठाया। उनकी तहरीर पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत एक और मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की सूचना पर समाजवादी पार्टी के नेता क्रांति कुमार सिंह और कार्तिक तिवारी भी मृतक के घर पहुंचे और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। मौके पर एडिशनल एसपी लखीमपुर खीरी, पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा उचौलिया व पसगवां थानों की पुलिस बल तैनात रही।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तीनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर मुकदमे दर्ज कर निष्पक्ष जांच शुरू कर दी गई है। सभी पहलुओं की गहन विवेचना के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पंजाबी गीतों से यूपी से पंजाब तक धूम मचा रहे प्रीत सिंह, 6 मार्च को रिलीज होगी नई एल्बम 'बेड बॉय'

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के गोला विधानसभा क्षेत्र के छोटे से गांव सुभाषनगर से निकले युवा कलाकार प्रीत सिंह आज पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने यूपी से लेकर पंजाब तक श्रोताओं के बीच खास मुकाम हासिल किया है।

एक सामान्य सिख परिवार में जन्मे प्रीत सिंह ने वर्ष 2022 से पंजाबी गायन की शुरुआत की। शुरुआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन अपनी आवाज और जुनून के बल पर उन्होंने श्रोताओं के दिलों में जगह बना ली। उनका पहला पंजाबी गीत 'यारियां' 13 जनवरी 2026 को रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस गीत ने उन्हें युवा श्रोताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय बना दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रीत सिंह के गीतों को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उनके फैंस नए गानों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसी कड़ी में उनकी नई पंजाबी एल्बम 'बेड बॉय' 6 मार्च को उनके आधिकारिक यूट्यूब चैनल preetsinghsaini07 पर रिलीज होने जा रही है। एल्बम के निर्माता एवं निर्देशक ब्रार और लेखक फतेह सिंह हैं। प्रीत सिंह का कहना है कि वह अपने गांव और जिले का नाम रोशन करना चाहते हैं और भविष्य में और भी बेहतर गीतों के माध्यम से श्रोताओं का मनोरंजन करते रहेंगे। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और युवाओं को भी अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिल रही है।

## स्थानांतरण पर भावुक विदाईः नन्हे-मुन्नों की आंखें हुईं नम, मनीष कुमार को दी गई स्नेहिल विदाई

**निघासन, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड निघासन क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय पचपेड़ी में भावनाओं से भरा मार्मिक दृश्य देखने को मिला। विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक मनीष कुमार के स्थानांतरण पर आयोजित विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं की आंखें नम हो गईं। पूरे परिसर में अपनत्व, सम्मान और संवेदना का माहौल रहा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मनीष कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए। उनके मार्गदर्शन में बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ी और अनुशासन व शैक्षिक वातावरण सुदृढ़ हुआ। उन्होंने कहा कि एक समर्पित शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में भी अहम भूमिका निभाता है।

प्रधानाध्यापक रूप सिंह यादव ने कहा कि मनीष कुमार का विद्यालय परिवार के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने विद्यालय को नई दिशा देने का कार्य किया और टीम भावना के साथ शिक्षण कार्य को आगे बढ़ाया। उनके स्थानांतरण से विद्यालय परिवार को कमी अवश्य महसूस होगी, किंतु उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना सभी करते हैं। अध्यापक निर्मल चतुर्वेदी और वैभव पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनीष कुमार का व्यवहार सहयोगी और प्रेरणादायी रहा। उनके साथ कार्य करते हुए अनेक सकारात्मक अनुभव प्राप्त हुए, जो सदैव स्मृतियों में रहेंगे। विदाई समारोह के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षक को पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट किए।



## शादी समारोह में आई किशोरी बनी दरिंदगी की शिकार

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

थाना सिंगाही क्षेत्र के एक गांव में फुफेरे भाई की शादी में शामिल होने आई थारू जनजाति की एक दिव्यांग (मूक-बधिर) नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम तथा क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार किशोरी घर के बाहर खड़ी थी, तभी दो युवक उसे बहला-फुसलाकर पास के गन्ने के खेत में ले गए। आरोप है कि वहां उसके साथ दुष्कर्म कर उसे बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गए। काफी तलाश के बाद परिजनों को किशोरी खेत में पड़ी मिली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया।

### मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार



घटना के बाद पुलिस ने रात भर दबिश दी। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी जावेद को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस दूसरे संदिग्ध की तलाश में दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### प्रदर्शन और सड़क जाम



घटना की सूचना पर कुछ संगठनों के कार्यकर्ता गांव पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के साथ बेलराया–पनवारी मार्ग पर क्लेशहरण मंदिर के पास कुछ समय के लिए सड़क जाम भी किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। करीब दो घंटे बाद प्रशासन के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात है।



































